

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 1 अंक: 098 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 21 जनवरी 2023 http://samajjagran.in पेज:12 मूल्य 05 रुपया

### डबल इंजन की सरकार आपके परिवार की सुरक्षा और समृद्धि की गारंटी देती है-जेपी नड्डा

# सही बटन दबाएंगे तो मिलेगा विकास और सुरक्षा-जेपी नड्डा

**बिकास राय ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण**

## उत्तर प्रदेश में विकास हीरे के समान चमक रहा है-जेपी नड्डा




ाजीपुर 20 जनवरी- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज जब मैं वाराणसी से गाजीपुर आ रहा था तब मैंने आते हुए देखा कि गाजीपुर कितना बदल गया है। वाराणसी से गाजीपुर आने में जहां घंटों का समय लगता था वहीं आज महज सवा घण्टे में हम ये दूरी तय कर ले रहे हैं और ये उतर प्रदेश की जनता की बदौलत ही संभव हो सका है क्यूंकि प्रजातंत्र में जनता जब अपने अधिकारों का सही उपयोग नही कर पाती और चुनाव में गलत बटन दब जाता है तो माफियाराज और गुंडाराज मिलता है और जब सही उपयोग करती है और सही बटन दबाती है तो उसे मेडिकल कॉलेज और विकास मिलता है। आज भारत समेत उत्तर प्रदेश में विकास हीरा समान चमक रहा है। उन्होंने कहा कि ल्क्क्ष्अ का मतलब ल्ह से हाइवे क से इंटरनेट फसे रेलवे अ से एयरवेज और इसके आगे अब वॉटर वेज भी जुड़ गया है। इसलिये हाईवे का विकास हो या रेलवे का इंटरनेट का विकास हो या एअर-वेज का हम हर एक क्षेत्र में विकास कर रहें हैं।

एक ऐसा भी दौर हुआ करता था जब भारत के प्रधानमंत्री ये कहते थे कि हम एक रुपए यदि भेजते हैं तो गरीबों तक महज पंद्रह पैसे ही पहुंचते हैं जबकि आज हमारे प्रधानमंत्री मोदी डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किसानों सहित जरूरतमंदों के खातों में पूरा का पूरा एक रुपया पहुंच जाता है। मोदीजी ने डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से अब तक 22 लाख करोड़ रुपए लाभार्थियों के खाते में भेज दिए हैं। उन्होंने कहा कि मोदीजी ने जो भी योजनाएं यूपी को भेजी उसे योगीजी ने धरातल पर शत प्रतिशत उतारा। हमारी डबल इंजन की सरकार में जिन योजनाओं का लोकार्पण किया गया उन्हें समय से पूर्व ही पूरा भी किया गया। जबकि अन्य सरकारों में सभी योजनाएं सिर्फ.कागजों पर बनती और पूरी होती थीं।

आज भारत की तस्वीर पूरी तरह से बदल रही है। हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन रहा है और आईएमएफ के आंकड़े बताते हैं कि भारत बहुत जल्द चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन कर उभरेगा। उन्होंने कहा कि यूपी की जनता ने माफिया राज का तिरस्कार कर विकासवाद को चुना। मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार प्रो-एक्टिव , प्रो-पुअर , प्रो-रिस्पॉन्सिव और प्रो-रिस्पॉन्सिबल सरकार है।

आज भारत दुनिया का एकमात्र देश है जिसने शत प्रतिशत वैक्सीनेशन कर अपनी जनता को कोरोना के दुष्प्रभाव से बचाया है। उन्होंने कहा कि देश की एक सौ तीस करोड़ जनता आज मोदीजी के साथ खड़ी है।

सभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आप लोगों के द्वारा बनाई गई डबल इंजन की सरकार अपराध को खत्म करने का काम कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि अपराधियों पर कैसे लगाम लगाया जाता है इसका जीता जागता उदाहरण आप गाजीपुर में देख सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भले ही हमें यहां सफलता न मिली हो लेकिन यहां विकास कार्यों को करने में हमने कोई कमी नहीं की। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार पर आप लोग भरोसा कीजिए और आपके और आपके परिवार की सुरक्षा और समृद्धि की गारंटी पीएम मोदी जी के नेतृत्व में मैं आपको देता हूं।

सभा में स्वागत भाषण देते हुए प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि पिछले आठ सालों से केंद्र और उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाकर आप जनता जर्नादन ने जो आदरणीय मोदी जी और योगी जी का साथ और आशीर्वाद दिया है जिसके परिणामस्वरूप मोदीजी और योगी जी आम जनता से जुड़े विषयों पर लगातार काम कर रही है फिर चाहे वो बिजली हो, पानी हो, सड़क हो स्वास्थ्य हो या फि र शिक्षा सभी क्षेत्र में भाजपा निरंतर विकास कर रही है।

सभा का संचालन जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने किया एवम धन्यवाद ज्ञापन काशी क्षेत्र के अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव ने किया।

सभा मे केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी,प्रदेश सह प्रभारी सुनील ओझा, धर्मपाल जी प्रदेश महामंत्री सुब्रत पाठक अमरपाल मौर्य दयाशंकर मिश्रा दयालु सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ एमएलसी विशाल सिंह चंचल जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, संगीता बलवंत, सरिता अग्रवाल, अलका राय, सुनीता सिंह आदि उपस्थित रहे।

## शनिवार को अवकाश के कारण सोमवार को होगा सम्पूर्ण समाधान दिवस

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से प्रत्येक माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाली संपूर्ण समाधान दिवस की तिथि में आंशिक बदलाव हुआ है।



जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने बताया कि मेरी अध्यक्षता में 21 जनवरी दिन शनिवार को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण बेल्थरारोड तहसील में आयोजित होने वाला संपूर्ण समाधान दिवस सोमवार को आयोजित होगा। इसी प्रकार सभी तहसीलों में 21 जनवरी शनिवार को होने वाली सम्पूर्ण समाधान दिवस 23 जनवरी सोमवार को आयोजित होगी।

## सम्पादक मण्डल जौनपुर ने बैठक कर कई मुद्दों पर की चर्चा

### *एसडीएम व सीओ सदर से मिला सम्पादकों का प्रतिनिधिमण्डल, आये दिन हो रहे हमले को देखते हुये पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने पर दिया गया जोर*

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो चीफ**

जौनपुर। सम्पादक मण्डल उत्तर प्रदेश की जौनपुर इकाई की बैठक अध्यक्ष रामजी जायसवाल की अध्यक्षता में हुई। यह बैठक कलेक्ट्रेट स्थित पत्रकार भवन के सभागार में हुई। बैठक में पूर्व अध्यक्ष जय प्रकाश मिश्र के साथ गत दिवस एक दबंग द्वारा दी गयी जानमाल की धमकी पर आक्रोश जताते हुये जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक से कार्यवाही की मांग की गयी।

साथ ही एक प्रतिनिधिमण्डल जिलाधिकारी के प्रतिनिधि उपजिलाधिकारी सदर सुनील भारती एवं पुलिस अधीक्षक के प्रतिनिधि क्षेत्राधिकारी सदर सन्त प्रसाद उपाध्याय से मिला जिस पर उन्होंने त्वरित कार्यवाही का आश्वासन देते हुये टीम भी गठित कर दिया।

इसके अलावा बैठक में पत्रकार अभिताभ मिश्र की हत्या निन्दा करते हुये हमलावरों को गिरफ्तार करने की मांग किया। साथ ही सभी ने एक स्वर में शासन–प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुये पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने पर बल दिया गया।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष जय प्रकाश मिश्र, पूर्व अध्यक्ष राकेशकान्त पाण्डेय, शम्भू सिंह, मंगला प्रसाद तिवारी, अरविन्द पटेल, डा. नौशाद अली, सूरज साहू, अनिल गौतम, स्वदीश कुमार, गोविन्द कुमार, अजय प्रताप पाल, महेन्द्र प्रताप प्रजापति, मनोज उपाध्याय, दिलीप कुमार जायसवाल सहित तमाम सम्पादक उपस्थित रहे। बैठक का संचालन महामंत्री छोटे लाल सिंह ने किया।

### पत्रकार की माता के निधन पर गोजए ने जताया शोक

जौनपुर। गोमती जर्नलिस्ट एसोसिएशन की बैठक शुक्रवार को कैम्प कार्यालय पर हुई जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष डा. राम सिंगार शुक्ल गदेला ने किया। इस मौके पर पत्रकार महर्षि सेठ की माता जी के निधन पर शोक जताया गया। साथ ही उपस्थित सभी पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखंकर दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिये ईश्वर से प्रार्थना किया। शोकसभा में संस्थापक रामजी जायसवाल, प्रमोद जायसवाल, डा. प्रमोद वाचस्पति, मनोज उपाध्याय, रूद्र प्रताप सिंह, इन्द्रजीत सिंह मौर्य, अखिलेश यादव, अजय पाण्डेय, चन्द्र प्रकाश तिवारी, संजय शुक्ला, महेन्द्र प्रताप चौधरी, महेन्द्र प्रजापति, अजीत सोनी, दिलीप कुमार जायसवाल, सूरज साहू, नौशाद अली, देवेन्द्र यादव सहित तमाम पत्रकार उपस्थित रहे।

### जौनपुर समाचार पत्र विक्रेता संघ की बैठक 22 को


जौनपुर। जौनपुर समाचार पत्र विक्रेता संघ के पदाधिकारियों की बैठक शुक्रवार को मीरपुर धरनीधरपुर में संघ के भवन पर हुई जहां यह निर्णय लिया गया कि 22 जनवरी दिन रविवार अपरान्ह 3 बजे संघ भवन पर समीक्षा बैठक होगी। संस्थापक अध्यक्ष राम सहारे मौर्य ने यह जानकारी देते हुये सभी समाचार पत्र विक्रेताओं से अपील किया कि उक्त समीक्षा बैठक में पहुंचकर बैठक को सफल बनायें। बैठक में राम प्यारे प्रजापति, मंगरू राम मौर्य, अवधेश मौर्य, अखिलेश मौर्य, संतोष मौर्य, मदन मोहन गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री ने जनपद वाराणसी भ्रमण के दौरान सिकरौल शेल्टर हाउस का किया औचक निरीक्षण

### जरूरतमन्दों को भोजन एवं कम्बल वितरित किए

*मुख्यमंत्री ने श्री काशी विश्वनाथ मन्दिर तथा श्री काल भैरव मन्दिर में विधिवत दर्शन–पूजन किया*

लखनऊ : 19 जनवरी, 2023 उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज जनपद वाराणसी भ्रमण के दौरान सिकरौल शेल्टर हाउस का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी 19 जनवरी, 2023 को जनपद वाराणसी में श्री काशी विश्वनाथ मन्दिर में दर्शन–पूजन करते हुए।

जरूरतमन्दों को भोजन एवं कम्बल वितरित किए। मुख्यमंत्री जी ने शेल्टर हाउस में रह रहे लोगों से वहां की व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की। शेल्टर हाउस में आश्रय लिए लोगों ने वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं पर सन्तोष जताया।

मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेल्टर हाउस में शौचालय एवं साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था रहनी चाहिए। ठण्ड को देखते हुए कोई भी व्यक्ति खुले आसमान में न सोने पाए। ऐसे सभी लोगों के शेल्टर हाउस में सोने की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाए।

इससे पूर्व, मुख्यमंत्री जी ने श्री काशी विश्वनाथ मन्दिर तथा श्री काल भैरव मन्दिर में विधिवत दर्शन-पूजन किया।

### कबूल से पहले ना कबूल

## दुल्हन के टूटे सपने, शादी से ही पहले दुल्हा भाग गया विदेश

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर

अफजलगढ़ के गांव शेरगढ़ में उस समय एक परिवार के साथ भद्दा मजाक हो गया जब लड़की से शादी करने वाला दूल्हा घर से विदेश भाग गया और लड़की के घर शादी की तैयारियां धरी रह गई। बारात के इंतजार में सजी बैठी दुल्हन शादी से एक दिन पहले दूल्हा हुआ फरार दुल्हन के सपने टूटे पिता ने दूल्हा पक्ष पर दहेज मांगने का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम शेरगढ़ निवासी शमीम अहमद पुत्र शौकत अली द्वारा स्थानीय पुलिस को दी तहरीर के मुताबिक आरोप लगाया कि इलियास पुत्र तस्लीम उसका सगा साडू है तथा शमशाद पुत्र इलियास, इलियास पुत्र तस्लीम, ताहिरा पत्नी इलियास, सलमान, कामरान, फैसल पुत्र गण इलियास वह मुस्कान पुत्री इलियास निवासी गण मोहल्ला जैनुलाब्दीन वह फरहाना पत्नी इमरान, इमरान पुत्र इब्राहिम निवासी गण कुंदन कॉलोनी कस्बा निवासी है बीते अगस्त माह को उपरोक्त सभी लोग उसकी पुत्री समरीन के रिश्ते का प्रस्ताव शमशाद पुत्र इलियास के लेकर आए थे नजदीकी रिश्तेदारी होने के कारण उसके द्वारा रिश्ते स्वीकार कर लिया गया और योजना के तहत बीते 7 जनवरी को मंगनी की रसम के नाम पर ₹50000 नगद एक सोने की अंगूठी 1 जोड़ी कपड़े एक सोने की अंगूठी





इलियास के लिए 1 जोड़ी सोने के झाला और चांदी के पायल और परिवार के अन्य सदस्यों के लिए ₹35000 नगद मिठाई फल आदि सामान प्रार्थना केदार जाकिर कमरुद्दीन आदि और गांव के अन्य लोगों की मौजूदगी में दे दिए तथा शादी की तारीख 18 जनवरी 2023 नियुक्त कर ली गई उपरोक्त सभी सामान खाना खाकर प्रार्थी के करीब मंगनी में ₹200000 खर्च हुए तथा परिवार की शादी तैयारी में लग गए रिश्तेदारों जान पहचान के लोगों में शादी के कार्ड भी बटवा दिए गए 15 /01/ 2023 को दहेज का सामान में 6 तोले सोना जेवरात एसी फ्रीज ब्रांडेड इलेक्ट्रॉनिक सामान बुलेट मोटरसाइकिल की कीमत ₹200000 दहेज लड़का पक्ष ले गए जिसकी लिस्ट घर बना ली गई 17 जनवरी को मंढ़े की रात्रि 10:00 बजे शमशाद, इलियास, ताहिरा, सलमान, कामरान,फैसले, मुस्कान, फरहाना इमरान में पीड़ित के घर आए और कहा कि तुमने हमें मोटरसाइकिल के ₹200000 दिए हमें स्कॉर्पियो गाड़ी दोगे तो तुम्हारे घर की अपने पुत्र की बरात लाएंगे वरना हमें बहुत रिश्ते हैं जहां से गाड़ी मिल रही है मेरी पुत्री समरीन को जब इस मामले का पता चला तो उन्होंने उन लोगों के समक्ष हाथ जोड़कर बारात लाने की प्रार्थना जिस पर समरीन के साथ कामरान व सलमान ने बदतमीजी और अश्लील हरकतें की आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया तथा बीते अट्ठारह जनवरी को शमशाद बरात लेकर नहीं आया उसके द्वारा बरात के शामिल होने वाले बारातियों के आदर सत्कार के लिए उसने खाना पीना आदि का पूरा इंतजाम कर लिया था इससे उसको सामाजिक व आर्थिक हानि पहुंची है जिसकी भरपाई करना मुश्किल है पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर शमशाद पुत्र इलियास, इलियास पुत्र तस्लीम, ताहिरा पत्नि इलियास, सलमान कामरान व फैसल पुत्र गण इलियास, मुस्कान पुत्री इलियास, फरहाना पुत्री इलियास पत्नी इमरान, इमरान पुत्र इब्राहिम के विरुद्ध आईपीसी की धारा 354ख,406,504,500, 3/4 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी


## निरहुआ एवं ज्योति और आम्रपाली सहित तमाम कलाकारों का चौकियां धाम में होगा जमावड़ा

**देवेश निगम संवाददाता समाज जागरण**

चौकियां धाम, जौनपुर। पूर्वांचल की आस्था का केन्द्र मां शीतला चौकियां धाम में इस बार होने वाले श्रृंगार महोत्सव में भोजपुरी कलाकार आशीष माली के बैनर तले भजन संध्या के साथ भव्य झांकी और जागरण कार्यक्रम का भी आयोजन 24, 25 व 26 जनवरी को होगा।







कार्यक्रम आयोजक श्री माली ने बताया कि इस बार भोजपुरी के सुप्रसिद्ध स्टार कलाकार दिनेश लाल यादव निरहुआ सांसद आजमगढ़ व अभिनेत्री आम्रपाली दुबे का आगमन 26 जनवरी को होगा। इसके साथ ही पूर्वांचल के प्रसिद्ध लोकप्रिय गायक रविन्द्र सिंह ज्योति के अलावा राहुल पाठक, भरत श्याम पंडा, रंजन दुबे, अनिकेत अकेला, राजेंद्र राज, गीतांजलि मौर्य, आनंद यादव अपनी-अपनी प्रस्तुति देंगे। साथ ही आराध्या झांकी एवं अजय सावरा झांकी समूह के साथ भव्य राम विवाह की झांकी प्रस्तुत करेंगे। इसी के साथ संत समाज का भी आगमन हो रहा है जिसमे अयोध्या से गणमान्य संतों का आगमन भी हो रहा है। इस आशय की जानकारी कार्यक्रम के आयोजक आशीष माली ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

## गौतमबुद्धनगर के इंदिरा गांधी कला केंद्र नोएडा में हुआ जनपद स्तरीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का भव्य आयोजन।

### *आयोजित जनपद स्तरीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में आज लगभग 50 निवेशकों से प्राप्त हुये लगभग 11502 करोड़ निवेश प्रस्ताव।*

उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश में देश एवं विदेश की कंपनियों को उद्यम की स्थापना के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आगामी 10 से 12 फरवरी को लखनऊ में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज प्रदेश स्तर की भांति जनपद स्तर पर भी जिला स्तरीय ग्लोबल इन्वेटर्स समिट-2023 का इन्दिरा गाँधी कला केन्द्र सेक्टर-6 नोएडा में भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि माननीय केबिनेट मंत्री, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम उत्तर प्रदेश सरकार राकेश सचान के द्वारा दीप प्रज्वलित कर ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का शुभारम्भ किया गया तथा उनके साथ जेवर क्षेत्र के मा0 विधायक धीरेन्द्र सिंह भी उपस्थित रहे।

इस अवसर माननीय केबिनेट मंत्री, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम उत्तर प्रदेश सरकार राकेश सचान ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुये कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के अथक प्रयासों से देश एवं प्रदेश की तकदीर एवं तस्वीर दोनों बदल रही है। आज उत्तर प्रदेश नये भारत का ग्रोथ इंजन बन कर आगे आ रहा है एवं उत्तर प्रदेश देश के सबसे आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर वाले राज्यों में सम्मिलित हो चुका है। उत्तर प्रदेश देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी एवं मा0 मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में आप सभी के सहयोग से उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर है। अराजक तत्वों एवं दंगों के लिये आज प्रदेश में कोई जगह नहीं है। निवेशकों एवं औद्योगिक घरानों को इकाई स्थापना के लिये एनओसी लेने के लिये महीनों का समय लगता था अब सिंगल विंडो क्लियरेंस के माध्यम से उसे कुछ दिनों में ही दूर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के लिये देश भर में रोड शो करने का मौका मिला, सभी जगह से यही फीडबैक मिला कि आज उत्तर प्रदेश एक बदला हुआ प्रदेश है। आज 25 करोड़ की आबादी वाले उत्तर प्रदेश के विकास का एक ही एजेण्डा है कि बिना किसी भेदभाव व भ्रष्टाचार के एक-एक व्यक्ति तक विकास का उजाला पहुँचे। उत्तर प्रदेश बाहें फैलाकर आपके स्वागत को तत्पर है, इकाई स्थापना में कोई अड़चन नहीं आने दी जाएगी। प्रदेश में औद्योगिक नीतियों को उद्यमियों के अनुसार बदला गया है ताकि अधिक से अधिक रोजगार सृजन के अवसर मुहैया हो सकें। उन्होंने निवेशकों को आश्वस्त करते हुये कहा कि उनके द्वारा अधिक से अधिक उत्तर प्रदेश में उद्योगो की स्थापना की जाये प्रदेश सरकार भयमुक्त माहौल एवं सभी सुविधाएं देने के लिए कटिबद्ध है। इस अवसर जेवर क्षेत्र के मा0 विधायक धीरेन्द्र सिंह ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुये कहा कि उत्तर प्रदेश में वह स्थिति देखी है जब उद्यमी अपने को सुरक्षित नहीं समझते थे, गौतमबुद्धनगर ने भी उस दंश को झेला है। आज पुलिसिंग, सुरक्षा एवं उद्योग फ्रेंडली वातावरण के चलते देश ही नहीं दुनिया के सर्वश्रेष्ठ राज्यों में उत्तर प्रदेश को शुमार किया जा रहा है। जहां बड़े-बड़े देशों की जीडीपी नीचे जा रही है वहीं उत्तर प्रदेश की जीडीपी 08 प्रतिशत के साथ न केवल देश में बल्कि दुनिया में अव्वल नम्बर पर है। मा0 योगी जी के नेतृत्व में 17 देशों में अन्तर्राष्ट्रीय रोड शो के माध्यम से प्राप्त होने जा रहे निवेश से प्रदेश में 3.50 लाख से ज्यादा रोजगार सृजन होंगे। आज घंटो में प्रदेश के एक कोने से दूसरे कोने तक एक्सप्रेस वे के माध्यम से पहुँचा जा सकता है। 05 अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के साथ ही जेवर जोकि एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट है गौतमबुद्धनगर के विकास में सहायक होगा। उन्होंने उद्यमियों का आहवान किया कि उनके द्वारा ज्यादा से ज्यादा उद्योगों की स्थापना की जायें। उद्यम की स्थापना करने में उनका जिला प्रशासन एवं प्राधिकरण के माध्यम से भरपूर सहयोग कराया जायेंगा।

# मौनी अमावस्या

**दैनिक समाज जागरण**

मौनी अमावस्या का हिन्दू धर्म में विशेष महत्त्व है। माघ माह में कृष्ण पक्ष की अमावस्या को मौनी अमावस्या कहते हैं। इस दिन मौन रहना चाहिए। मुनि शब्द से ही 'मौनी' की उत्पत्ति हुई है। इसलिए इस व्रत को मौन धारण करके समापन करने वाले को मुनि पद की प्राप्ति होती है। इस दिन मौन रहकर यमुना या गंगा में स्नान करना चाहिए। यदि यह अमावस्या सोमवार के दिन हो तो इसका महत्त्व और भी अधिक बढ़ जाता है। माघ मास के स्नान का सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण पर्व अमावस्या ही है। माघ मास की अमावस्या और पूर्णिमा दोनों ही तिथियाँ पर्व हैं। इन दिनों में पृथ्वी के किसी-न-किसी भाग में सूर्य या चंद्रमा को ग्रहण हो सकता है। ऐसा विचार कर धर्मज्ञ-मनुष्य प्रत्येक अमावस्या और पूर्णिमा को स्नान दानादि पुण्य कर्म किया करते हैं।



**कथा**

कांचीपुरी में देवस्वामी नामक एक ब्राह्मण रहता था। उसकी पत्नी का नाम धनवती था। उनके सात पुत्र तथा एक पुत्री थी। पुत्री का नाम गुणवती था। ब्राह्मण ने सातों पुत्रों को विवाह करके बेटी के लिए वर खोजने अपने सबसे बड़े पुत्र को भेजा। उसी दौरान किसी पण्डित ने पुत्री की जन्मकुण्डली देखी और बताया- "सप्तपदी होते-होते यह कन्या विधवा हो जाएगी।" तब उस ब्राह्मण ने पण्डित से पूछा- "पुत्री के इस वैधव्य दोष का निवारण कैसे होगा?" पंडित ने बताया- "सोमा का पूजन करने से वैधव्य दोष दूर होगा।" फिर सोमा का परिचय देते हुए उसने बताया- "वह एक धोबिन है। उसका निवास स्थान सिंहल द्वीप है। उसे जैसे-तैसे प्रसन्न करो और गुणवती के विवाह से पूर्व उसे यहाँ बुला लो।" तब देवस्वामी का सबसे छोटा लड़का बहन को अपने साथ लेकर सिंहल द्वीप जाने के लिए सागर तट पर चला गया। सागर पार करने की चिंता में दोनों एक वृक्ष की छाया में बैठ गए। उस पेड़ पर एक घोंसले में गिद्ध का परिवार रहता था। उस समय घोंसले में सिर्फ. गिद्ध के बच्चे थे। गिद्ध के बच्चे भाई-बहन के क्रिया-कलापों को देख रहे थे। सायंकाल के समय उन बच्चों (गिद्ध के बच्चों) की माँ आई तो उन्होंने भोजन नहीं किया। वे माँ से बोले- "नीचे दो प्राणी सुबह से भूखे-प्यासे बैठे हैं। जब तक वे कुछ नहीं खा लेते, तब तक हम भी कुछ नहीं खाएंगे।" तब दया और ममता के वशीभूत गिद्ध माता उनके पास आई और बोली- "मैंने आपकी इच्छाओं को जान लिया है। इस वन में जो भी फल-फूल, कंद-मूल मिलेगा, मैं ले आती हूं। आप भोजन कर लीजिए। मैं प्रातःकाल आपको सागर पार कराकर सिंहल द्वीप की सीमा के पास पहुंचा दूंगी।" और वे दोनों भाई-बहन माता की सहायता से सोमा के यहाँ जा पहुंचे। वे नित्य प्रातः उठकर सोमा का घर झाड़कर लीप देते थे।

एक दिन सोमा ने अपनी बहुओं से पूछा- "हमारे घर कौन बुहारता है, कौन लीपता-पोतता है?" सबने कहा- "हमारे सिवाय और कौन बाहर से इस काम को करने आएगा?" किंतु सोमा को उनकी बातों पर विश्वास नहीं हुआ। एक दिन उसने रहस्य जानना चाहा। वह सारी रात जागी और सब कुछ प्रत्यक्ष देखकर जान गई। सोमा का उन बहन-भाई से वातालाप हुआ। भाई ने सोमा को बहन संबंधी सारी बात बता दी। सोमा ने उनकी श्रम-साधना तथा सेवा से प्रसन्न होकर उचित समय पर उनके घर पहुंचने का वचन देकर कन्या के वैधव्य दोष निवारण का आश्वासन दे दिया। किंतु भाई ने उससे अपने साथ चलने का आग्रह किया। आग्रह करने पर सोमा उनके साथ चल दी। चलते समय सोमा ने बहुओं से कहा- "मेरी अनुपस्थिति में यदि किसी का देहान्त हो जाए तो उसके शरीर को नष्ट मत करना। मेरा इन्तजार करना।" और फिर सोमा बहन-भाई के साथ कांचीपुरी पहुंच गई। दूसरे दिन गुणवती के विवाह का कार्यक्रम तय हो गया। सप्तपदी होते ही उसका पति मर गया। सोमा ने तुरन्त अपने संचित पुण्यों का फल गुणवती को प्रदान कर दिया। तुरन्त ही उसका पति जीवित हो उठा। सोमा उन्हें आशीर्वाद देकर अपने घर चली गई। उधर गुणवती को पुण्य-फल देने से सोमा के पुत्र, जामाता तथा पति की मृत्यु हो गई। सोमा ने पुण्य फल संचित करने के लिए मार्ग में अश्वत्थ (पीपल) वृक्ष की छाया में विष्णु जी का पूजन करके 108 परिक्रमाएं कीं। इसके पूर्ण होने पर उसके परिवार के मृतक जन जीवित हो उठे।

**निष्काम भाव से सेवा का फल मधुर होता है, यही मौनी अमावस्या के व्रत का लक्ष्य है।**

**महत्त्व**

चन्द्रमा को मन का स्वामी माना गया है और अमावस्या को चन्द्रदर्शन नहीं होते, जिससे मन की स्थिति कमजोर होती है। इसलिए इस दिन मौन व्रत रखकर मन को संयम में रखने का विधान बनाया गया है। शास्त्रों में भी वर्णित है कि होंठों से ईश्वर का जाप करने से जितना पुण्य मिलता है, उससे कई गुणा अधिक पुण्य मन में हरि का नाम लेने से मिलता है। चूंकि इस व्रत को करने वाले को पूरे दिन मौन व्रत का पालन करना होता है, इसलिए यह योग पर आधारित व्रत भी कहलाता है। मौनी अमावस्या के दिन संतों की तरह चुप रहें तो उत्तम है। अगर चुप रहना संभव नहीं है तो कम से कम अपने मुख से कोई भी कटु शब्द न निकालें। इस दिन भगवान विष्णु और शिव दोनों की पूजा का विधान है। वास्तव में शिव और विष्णु दोनों एक ही हैं, जो भक्तों के कल्याण हेतु दो स्वरूप धारण किए हुए हैं।

# आचार्य शिवपूजन सहाय

**आचार्य शिवपूजन सहाय** (जन्म- 9 अगस्त, 1893, शाहाबाद, बिहार; मृत्यु- 21 जनवरी, 1963, पटना) हिन्दी साहित्य में एक उपन्यासकार, कहानीकार, सम्पादक और पत्रकार के रूप में प्रसिद्ध थे। इनके लिखे हुए प्रारम्भिक लेख 'लक्ष्मी', 'मनोरंजन' तथा 'पाटलीपुत्र' आदि पत्रिकाओं में प्रकाशित होते थे। शिवपूजन सहाय ने 1934 ई. में 'लहेरियासराय' (दरभंगा) जाकर मासिक पत्र 'बालक' का सम्पादन किया। स्वतंत्रता के बाद शिवपूजन सहाय 'बिहार राष्ट्रभाषा परिषद' के संचालक तथा 'बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन' की ओर से प्रकाशित 'साहित्य' नामक शोध-समीक्षाप्रधान त्रैमासिक पत्र के सम्पादक थे।

**जन्म और शिक्षा**

शिवपूजन सहाय का जन्म सन 1893 ई. उनवास ग्राम, उपसंभाग बक्सर, शाहाबाद ज़िला (बिहार) में हुआ था। 1912 ई. में आरा नगर के एक हाईस्कूल से शिवपूजन सहाय ने मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। उन्होंने सामाजिक जीवन का शुभारम्भ हिन्दी शिक्षक के रूप में किया और साहित्य के क्षेत्र में पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से आये। शिवपूजन सहाय के आरम्भिक लेख तथा कहानियाँ 'शिक्षा', 'लक्ष्मी', 'मनोरंजन' तथा 'पाटलीपुत्र' आदि पत्रिकाओं में प्रकाशित होते थे।

**सेवाएँ**

शिवपूजन सहाय की सेवाएँ हिन्दी पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय हैं। 1921-1922 ई. के आस-पास शिवपूजन सहाय ने आरा से निकलने वाले 'मारवाड़ी सुधार' नामक मासिक पत्रिका का सम्पादन किया। उन्होंने 1923 ई. में वे कलकत्ता के 'मतवाला मण्डल' के सदस्य हुए और कुछ समय के लिए 'आदर्श', 'उपन्यास तरंग', तथा 'समन्वय' आदि पत्रों में सम्पादन का कार्य किया। शिवपूजन सहाय ने 1925 ई. में कुछ मास के लिए 'माधुरी' के सम्पादकीय विभाग को अपनी सेवाएँ अर्पित कीं। वह 1930 ई. में सुल्तानगंज-भागलपुर से प्रकाशित होने वाली 'गंगा' नामक मासिक पत्रिका के सम्पादक मण्डल के सदस्य भी हुए। एक वर्ष के उपरान्त काशी में रहकर उन्होंने साहित्यिक पाक्षिक 'जागरण' का सम्पादन किया। शिवपूजन सहाय काशी में कई वर्ष तक रहे। 1934 ई. में लहेरियासराय (दरभंगा) जाकर मासिक पत्र 'बालक' का सम्पादन किया। भारत की स्वतंत्रता के बाद शिवपूजन सहाय 'बिहार राष्ट्रभाषा परिषद' के संचालक तथा 'बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन' की ओर से प्रकाशित 'साहित्य' नामक शोध-समीक्षाप्रधान त्रैमासिक पत्र के सम्पादक थे।

**लेखन कार्य**

शिवपूजन सहाय की लिखी हुई पुस्तकें विभिन्न विषयों से सम्बद्ध हैं तथा उनकी विधाएँ भी भिन्न-भिन्न हैं। 'बिहार का बिहार' बिहार प्रान्त का भौगोलिक एवं ऐतिहासिक वर्णन प्रस्तुत करती है। 'विभूति' में कहानियाँ संकलित हैं। 'देहाती दुनियाँ' (1926 ई.) प्रयोगात्मक चरित्र प्रधान औपन्यासिक कृति है। इसकी पहली पाण्डुलिपि लखनऊ के हिन्दू-मुस्लिम दंगे में नष्ट हो गयी थी। इसका शिवपूजन सहाय जी को बहुत दुःख था। उन्होंने दुबारा वही पुस्तक फिर लिखकर प्रकाशित करायी, किन्तु उससे शिवपूजन सहाय को पूरा संतोष नहीं हुआ। शिवपूजन सहाय कहा करते थे कि- "पहले की लिखी हुई चीज कुछ और ही थी।" 'ग्राम सुधार' तथा 'अन्नपूर्णा के मन्दिर में' नामक दो पुस्तकें ग्रामोद्धारसम्बन्धी लेखों के संग्रह हैं। इनके अतिरिक्त 'दो पड़ी' एक हास्यरसात्मक कृति है, 'माँ के सपूत' बालोपयोगी तथा 'अर्जुन' और 'भीष्म' नामक दो पुस्तकें महाभारत के दो पात्रों की जीवनी के रूप में लिखी गयी हैं। शिवपूजन सहाय ने अनेक पुस्तकों का सम्पादन भी किया, जिनमें 'राजेन्द्र अभिनन्दन ग्रन्थ' विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। 'बिहार राष्ट्रभाषा परिषद', (पटना) ने इनकी विभिन्न रचनाओं को अब तक चार खण्डों में 'शिवपूजन रचनावली' के नाम से प्रकाशित किया है।

**विशिष्ट स्थान**

शिवपूजन सहाय का हिन्दी के गद्य साहित्य में एक विशिष्ट स्थान है। उनकी भाषा बड़ी सहज थी। इन्होंने उर्दू के शब्दों का प्रयोग धड़ल्ले से किया है और प्रचलित मुहावरों के सन्तुलित उपयोग द्वारा लोकरुचि का स्पर्श करने की चेष्टा की है। शिवपूजन सहाय ने कहीं-कहीं अलंकार प्रधान अनुप्रास बहुल भाषा का भी व्यवहार किया है और गद्य में पद्य की सी छटा उत्पन्न करने की चेष्टा की है। भाषा के इस पद्यात्मक स्वरूप के बावजूद शिवपूजन सहाय के गद्य लेखन में गाम्भीर्य का अभाव नहीं है। शिवपूजन सहाय की शैली ओज-गुण सम्पन्न है और यत्र-तत्र उसमें वक्तृत्व कला की विशेषताएँ उपलब्ध होती हैं।

**हिन्दी-सेवा**

शिवपूजन सहाय का समस्त जीवन हिन्दी की सेवा की कहानी है। इन्होंने अपने जीवन का अधिकांश भाग हिन्दी भाषा की उन्नति एवं उसके प्रचार-प्रसार में व्यतीत किया है। 'बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन' तथा 'बिहार राष्ट्रभाषा परिषद' नामक हिन्दी की दो प्रसिद्ध संस्थाएँ इनकी कीर्ति कथा के अमूल्य स्मारक के रूप में हैं। इनके संस्मरण में बिहार से स्मृति ग्रन्थ भी प्रकाशित हुआ है।

**रचनाएँ**

आचार्य शिवपूजन सहाय की प्रमुख रचनाएँ निम्नलिखित हैं-

**पत्रकारिता में योगदान**

हिन्दी पत्रकारिता के पुरोधा आचार्य शिवपूजन सहाय 1910 से 1960 ई. तक विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं, जैसे- 'आज', 'सन्मार्ग', 'आर्यावर्त', 'हिमालय' आदि में सारगर्भित लेख लिखते रहे। उस दौरान उन्होंने हिन्दी पत्रों और पत्रकारिता की स्थिति पर भी गंभीर टिप्पणियाँ की थीं। अपने लेखों के जरिये वे जहाँ भाषा के प्रति सजग दिखाई देते थे, वहीं पूँजीपतियों के दबाव में संपादकों के अधिकारों पर होते कुठाराघात पर चिंता भी जाहिर करते थे। अपने लेख "हिन्दी के दैनिक पत्र" में आचार्य शिवपूजन सहाय ने लिखा था कि- "लोग दैनिक

## बैठकी

# लोकतंत्र को कंधा देगा- "आरवीएम"

## कॉलबेल बजी और नित्य की तरह बैठकी जम गयी !

**दैनिक समाज जागरण**

कल दिल्ली से हमर भतिजवा आइल है! इहाँ बिहार की राजनीति पर बात करत रहे तो हम पुछ दिये कि दिल्ली में केकरा वोट दिया था! तो बोला कि उहाँ का हम वोटरे नहीं हैं तो कईसे वोट देते! तब त चुनाव में बहुते आदमी, जो बाहर गईल ह, वोटे नहीं देता है! --- मुखियाजी ने महत्वपूर्ण मुद्दा रखा!

मुखियाजी, 2019 के लोकसभा चुनाव के आंकड़े के अनुसार,देश में लगभग 91 करोड़ मतदाता हैं लेकिन 30% के करीब वोट दे हीं नहीं पाते! ये वैसे लोग होते हैं जिनका अपने गाँव, घर के वोटर लिस्ट में नाम रजिस्टर्ड है लेकिन किसी कारण वश प्रवासी हो गये हैं और वहाँ वोटर के रूप में रजिस्ट्रेशन नहीं करवाये हैं! जैसे घर से दूर रहने वाले नौकरी पेशा, शहरों में जाकर पढ़ने वाले छात्र, शादी के बाद ससुराल गयी युवतियाँ आदि! --- मास्टर साहब बात को पकड़े!

लिजिये, इसी बात का संज्ञान सुप्रीम कोर्ट 2015 को लिया था और चुनाव आयोग को निर्देश दिया था कि कोई ऐसी व्यवस्था देखे जिससे दूर दराज रहने वाले वोटर भी अपने वोट के अधिकार का उपयोग कर सके! और इसी को ध्यान में रखकर चुनाव आयोग ने आईआईटी मद्रास और कानपुर और कुछ अन्य एक्सपर्ट से जुड़कर रिमोट वोटिंग मशीन पर काम शुरू किया! इससे वोटर दूर रहकर भी टू- वे इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम का प्रयोग करके बायोमेट्रिक डिवाइस और वेब कैमरे की सहायता से वोट डाल पायेगा!इसके लिये चुनाव आयोग हर शहर में रिमोट वोटिंग स्पाट बनायेगा जहाँ रजिस्टर्ड वोटर को वोट देने जाना होगा! --- कुंवरजी आगे की बताये!

इस बीच बेटी चाय का ट्रे टेबल पर रख गयी और हम सभी बहस के साथ साथ चाय की चुस्कियां भी लेते रहे!

तो एकरा लिये वोटर को का करना होगा कि उहाँ उ अपने क्षेत्र में , अपना मन के उम्मीदवार को वोटवा दे पावे! -- मुखियाजी उत्सुक लगे!

मुखियाजी, इसके लिये वोटर को आनलाइन या आफलाइन आवेदन करना होगा! फिर चुनाव आयोग मतदाताओं द्वारा दी गई जानकारी











को उसके गृह निर्वाचन क्षेत्र में वेरिफाई करवायेगी! और वोटर को स्कैन करने वाला आईडी कार्ड मिलेगा जिसपर बारकोड होगा! ऐसे वोटरों के लिये मतदान के समय रिमोट वोटिंग सेंटर स्थापित किये जायेंगे! ---कुंवरजी आगे की समझाये!

अरे वाह! तब त देश में वोटिंग के दरो बढ़ जायेगा! -- मुखियाजी उत्सुक लगे!

एक बात और एक आरवीएम से 72 निर्वाचन क्षेत्र को कवर किया जा सकेगा ! -- कुंवरजी रुके!

लेकिन ए कुंवरजी, अभी ये वोटिंग सिस्टम लागू करना आसान नहीं होगा! कई तरह की प्रक्रियाओं से गुजरना होगा! वैसे चुनाव आयोग इसके लिये 16 जनवरी को डेमो रखा है! चुनाव आयोग को विभिन्न राजनीतिक दलों से सहमति लेनी पड़ेगी! उन्हें इसके फायदे के बारे में समझाना होगा! --- मास्टर साहब ने सही कहा!

लिजिये, हमारे यहाँ जब ईबीएम से चुनाव होता है तो उस पर लोग प्रश्न चिन्ह पैदा करते हैं तो इस नवीन टेक्नोलॉजी- आरवीएम पर तो बवाल हीं मचायेंगे! --- सुरेन्द्र भाई हाथ चमकाये!

ए सरजी, मोदी विरोधी पार्टियां तो निश्चित तौर पर कहेंगी कि जब बड़े - बड़े विभागों की बेवसाइट को हैक कर लिया जाता है तो इस आरवीएम को भी हैक करके किसी खास उम्मीदवार के पक्ष में सारे वोट किये जा सकते हैं! --- पारस नेता ने सही बात कही!

नेताजी, एक बात स्पष्ट कर दूं कि इस रिमोट वोटिंग मशीन में वोटिंग के लिए इंटरनेट का इस्तेमाल नहीं किया जायेगा अतः हैकिंग की संभावना न के बराबर है!--- कुंवरजी स्पष्ट किये!

अजी, मुझे जहाँ तक मालुम है आरवीएम लागू करने के पहले चुनाव आयोग को कई तरह की कानूनी प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ेगा! जैसे जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950,51 चुनाव संहिता नियम 1961, फिर निर्वाचन पंजीकरण अधिनियम 1960 में भी संसोधन करना होगा!

खैर जो भी हो देश के सभी मतदाता चुनाव में भाग ले सकें इसकी व्यवस्था की जिम्मेदारी भी तो चुनाव आयोग पर हीं है और यदि नवीन टेक्नोलॉजी से चुनाव आयोग, एक बड़े तबके को चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने में सक्षम बनाती है तो हमें इसका स्वागत करना चाहिए! --- मैं भी बहस में अपने को सरीक किया!

ए सरजी, देखते नहीं हैं! चाहे चुनाव राज्य स्तर का हो चाहे केंद्र स्तर का जब विपक्षी पार्टियां चुनाव हार जातीं हैं तो तुरंत हारने का ठिकरा ईवीएम पर फोड़ देती हैं लेकिन जब जीत जातीं हैं तो चूं भी नहीं करतीं! अब ऐसी स्थिति में आरवीएम को लागू करना इतना आसान नहीं होगा !! -- सुरेन्द्र भाई गंभीर लगे!

इसीलिये तो चुनाव आयोग ने सभी केंद्रीय एवं क्षेत्रीय राजनीतिक दलों से 31 जनवरी तक लिखित राय मांगी है!
विगत में हमलोगों ने देखा है कि क्षेत्रीय दलों एवं कुछ राष्ट्रीय दलों द्वारा ईवीएम की जगह वैलेट से वोटिंग की मांग की गयी थी क्योंकि उनका मानना था कि ईवीएम से चुनाव में घपला किया जा सकता है लेकिन जब चुनाव आयोग ने चैलेंज किया कि आवो और घपला करके दिखाओ तो गदहों की बोलती बंद हो गयी! -- कहके पारस नेता हंस दिये!

कुछो हो, अतना त हमको बुझाता है कि इ नवका सिस्टम जिससे बाहरो रहे वाला अपन कन्चुयेंसी में, बगैर आये वोट दे सकेगा तब तो वोटरो का संख्या बढ़ेगा अवर सही सही चुनावो होगा! आच्छा अब हम चलता है!-- - कहकर मुखियाजी उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी.....!!!



प्रोफेसर राजेन्द्र पाठक (समाजशास्त्री)

# पश्चिम जीवन शैली भारतीय वैदिक दर्शन के लिए नुकसानदेह।

अंग्रेजों के आने के पूर्व भारतीय संस्कृति धार्मिक, आध्यात्मिक, परंपरा वादी, भाग्यवादी रही है। अंग्रेजों के भारत आने के बाद और उनके संपर्क में रहने से भारतीय जीवन का स्वरूप काफी हद तक परिवर्तित एवं बदले हुए स्वरूप में आया था । धार्मिकता आध्यात्मिकता तथा त्याग व ममता को व्यापक भौतिकवादी दृष्टिकोण से काफी नुकसान पहुंचा है। पश्चात विचारधारा के संपर्क में आने से परंपराओं के प्रति मोह धीरे-धीरे कम होने लगा एवं नई वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाली सोच के कारण भाग्य वाद के प्रति आस्था उत्पन्न होने लगी। इसके अतिरिक्त भारतीय दर्शन के आंतरिक गुणों आदर्श नैतिकता,बुद्धि आदि में भी आमूलचूल परिवर्तन हुए हैं। और इन घटकों पर नवीन शिक्षा पद्धति का व्यापक प्रभाव पड़ा है। अंग्रेज भारत को ऐसा वर्ग विशेष बनाना चाहते थे, जो जन्म और रंग से तो पूर्वी हों, पर अन्य सभी दृष्टिकोण से सब अंग्रेज बने रहें। भारत का उच्च वर्ग या अमीर तबका, राजा, महाराजा,नवाब धीरे-धीरे अंग्रेजी शिक्षा के गुलाम होते चले गए,और पाश्चात्य संस्कृति की ओर झुकते गए। भारतीय संस्कृति को विस्मृत करने में यही उच्च वर्ग या अमीर लोग काफी हद तक जिम्मेदार है। यह लोग अंग्रेजियत की नकल करने लगे,तथा भारतीय समाज धर्म दर्शन में इनकी कोई रूचि अविश्वास नहीं रहने लगा था। और इनकी नकल में इनके मातहत, सिपहसालार भी उसी रंग में डूबने लगे थे। धीरे धीरे पश्चिमी सभ्यता ने भारतीय संस्कृति पर अपना व्यापक प्रभाव डालना शुरू कर दिया था।

पश्चिमी संस्कृति का वृहद अध्ययन करने वाले भारतीय विद्वानों ने पश्चिम की ओर इस अंधे आकर्षण का खुलकर विरोध भी किया था। इन्हीं विद्वानों ने भारतीय जनमानस को अपनी शक्ति और धर्म में विश्वास करने की प्रेरणा देकर उनका मार्गदर्शन किया था। तत्पश्चात भारतीय शोधकताओं ने पश्चिम सभ्यता तथा उसकी शिक्षा का व्यापक परीक्षण शुरू कर दिया था। और इन्हीं शोधकताओं और विद्वानों की अथक मेहनत से प्राचीन परंपराओं में सर्वश्रेष्ठ का चयन कर एवं पाश्चात्य दर्शन की श्रेष्ठ धारणाओं को मिलाकर एक नए दर्शन को समाज के सामने प्रस्तुत किया था। भारतीय विद्वानों, शोधकताओं एवं विचारकों ने प्राचीन भारतीय कुप्रथा जैसे छुआछूत, पर्दा प्रथा,बहु विवाह, बाल विवाह, देवदासी प्रथा एवं महिला शिक्षा, तथा निरक्षरता के विरोध में अभियान चलाकर सामाजिक चेतना का आह्वान किया था। पर पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर भारतीय समाज में नैतिक विचारों में परिवर्तन की शुरूआत हुई। इस परिवर्तन के साथ भारतीय जनमानस के रहन-सहन खानपान, वेशभूषा,विवाह समारोह, आचार विचार, शिष्टाचार तथा व्यवहार में पाश्चात्य शिक्षा की झलक दिखाई देने लगी। जाति प्रथा के कठोर नियम ढीले पड़ने लगे। बाल विवाह प्रथा में बेहद कमी आने लगी। पश्चात दर्शन ने भारतीय संस्कृति में जीवंत एवं चरित्र को एक नया बदलाव दिया था। पाश्चात्य संस्कृति में धीरे-धीरे भारतीय रहन-सहन रीति-रिवाज प्रथाओं को प्रभावित किया। ड्रेसिंग सेंस, खान पान,बोलने चालने तथा अभिवादन के तरीकों में बड़े परिवर्तन हुए। वेस्टर्न पद्धति से संस्कृति शिक्षा विचारधाराओं ने भारत को दुनिया के राष्ट्रीय जीवन के संपर्क में ला खड़ा किया था। देश के अंदर विभिन्न अलग-अलग विचारधाराओं के समूहों को एक सांस्कृतिक समानता के मंच पर लाकर खड़ा किया। और इसी सांस्कृतिक समानता ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एकता और राष्ट्रीयता की नई मिसाल स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए प्रदान की थी। विहंगम दृष्टिकोण से देखा जाए तो पाश्चात्य दर्शन ने भारतीय परंपरा रीति रिवाज में महत्वपूर्ण सुधार लाने की एक नई पहल की थी। प्राचीन परंपराओं के फल स्वरुप भारतीय जनमानस को रीति-रिवाजों एवं पाखंडी पन ने जीवन में जंजीर बनकर जकड़ रखा था। संस्कृति तथा कुप्रथाओं ने स्वतंत्र विचारों को मस्तिष्क में ही कैद कर लिया था ।एवं आमजन का जीना मुश्किल हो गया था। प्रभाव तथा कुरीतियों से सबसे ज्यादा सजा महिलाएं बालिकाएं तथा बच्चों को ही मिल रही थी। पाश्चात्य शिक्षा तथा दर्शन ने शिक्षा धर्म तथा आदर्शों के मूल्यों में सुधार लाने का महत्वपूर्ण कार्य किया था। पाश्चात्य शिक्षा से अंधविश्वास के बदले बुद्धि विवेक और तर्क ने वैज्ञानिक विचारधारा के हिसाब से जीवन यापन करने की पद्धति से अवगत कराया था। पाश्चात्य शिक्षा तथा दर्शन के कारण ही भारत में ईसाई धर्म समाज की स्थापना हो पाई थी। ईसाइयत का भारत में जन्म अंग्रेजों के आने के बाद ही हुआ था। पाश्चात्य सभ्यता एवं शिक्षा से भारतीय महिलाओं पर सर्वाधिक प्रभाव पड़ा। उनकी शिक्षा-दीक्षा रहन सहन तथा व्यवहार में काफी परिवर्तन आया तथा भारतीय महिलाओं ने खुली हवा में सांस लेने के अवसर भी तलाशना शुरू कर दिया था। और आज भारत में महिलाएं कंधे से कंधा मिलाकर पुरुषों के साथ हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं। भारतीय जनमानस में पाश्चात्य सभ्यता का बहुत ज्यादा प्रभाव पड़ा ।जीवन में विकास भी हुआ, और नागरिकों को नए वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी साक्षात्कार हुआ। पर इसके साथ पाचल सभ्यता ने भारत को बहुत सारी विकृतियां भी प्रदान की है। जैसे स्त्रियों का खुलापन, नशे की खुली लत एवं महिलाओं तथा पुरुषों का वासनायुक्त खुला व्यवहार, अशोभनीय स्तर पर आ गया है। नशे की अधिकता,महिलाओं के खुले व्यवहार को देखकर आने वाली पीढ़ी की नैतिक शिक्षा में बहुत ज्यादा प्रभाव पड़ने वाला है। इसमें भारतीय शिक्षा पद्धति में भारतीय संस्कृति के दर्शन के अध्यापन की भी महती आवश्यकता है।



संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़,

# रास बिहारी बोस

रास बिहारी बोस (जन्मः 25 मई, 1886; मृत्युः 21 जनवरी, 1945) प्रख्यात वकील और शिक्षाविद थे। रास बिहारी बोस प्रख्यात क्रांतिकारी तो थे ही, सर्वप्रथम आजाद हिन्द फौज के निमार्ता भी थे। देश के जिन क्रांतिकारियों ने स्वतंत्रता-प्राप्ति तथा स्वतंत्र सरकार का संघटन करने के लिए प्रयत्न किया, उनमें श्री रासबिहारी बोस का नाम प्रमुख है। रास बिहारी बोस कांग्रेस के उदारवादी दल से सम्बद्ध थे। रास बिहारी बोस ने उग्रवादियों को घातक, जनोत्तेजक तथा अनुत्तरदायी आंदोलनकारी कहा। रासबिहारी बोस उन लोगों में से थे जो देश से बाहर जाकर विदेशी राष्ट्रों की सहायता से अंग्रेजों के विरुद्ध वातावरण तैयार कर भारत की मुक्ति का रास्ता निकालने की सोचते रहते थे। 1937 में उन्होंने 'भारतीय स्वातंय संघ' की स्थापना की और सभी भारतीयों का आह्वान किया तथा भारत को स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर दिया।

**जीवन परिचय**

प्रथम महायुद्ध में सशस्त्र क्रांति की जो योजना बनाई गई थी, वह रासबिहारी बोस के ही नेतृत्व में निर्मित हुई थी। सन् 1912 ई. में वाइसराय लार्ड हार्डिंग पर रासबिहारी बोस ने ही बम फेंका था। तत्कालीन ब्रिटिश सरकार की सारी शक्ति रासबिहारी बोस को पकड़ने में व्यर्थ सिद्ध हुई। सरकारी नौकरी में रहते हुए भी रासबिहारी बोस ने क्रांतिकारी दल का संघटन किया। इसका गठन करने के लिए रासबिहारी बोस को व्यापक रूप से देश का बड़ी ही सतर्कता से भ्रमण करना पड़ता था। रासबिहारी बोस के क्रांतिकारी कार्यों का एक प्रमुख केंद्र वाराणसी रहा है, जहाँ आप गुप्त रूप से रहकर देश के क्रांतिकारी आंदोलन का संचालन किया करते थे। वाराणसी से सिंगापुर तक क्रांतिकारियों का संघटन करने में आपको सफलता मिली थी। क्रांतिकारी कार्यों में आपके प्रमुख सहायक श्री पिंगले थे। 21 फरवरी, सन 1915 ई. का एक साथ सर्वत्र विद्रोह करने की तिथि निश्चित की गई थी किंतु दल के एक व्यक्ति द्वारा भेद बता दिए जाने के कारण योजना सफल न हो सकी। इतना अवश्य कहा जाएगा कि सन 1857 की सशस्त्र क्रांति के बाद ब्रिटिश शासन को समाप्त करने का इतना व्यापक और विशाल क्रांतिकारी संघटन एवं षड्यंत्र नहीं बना था। भेद प्रकट हो जाने के कारण श्री पिंगले को तो फाँसी पर चढ़ना पड़ा किंतु श्री रासबिहारी बोस बच निकले। फिर रासबिहारी बोस ने विदेश जाकर क्रांतिकारी शक्तियों का संघटन कर देश को स्वाधीन करने का प्रयत्न किया।

**भारतीय स्वातंत्रय संघ की स्थापना**

बड़ी ही कुशलता तथा सतर्कता से आपने ठाकुर परिवार के एक व्यक्ति के पारपत्र के माध्यम से भारत से विदा ली और सन 1915 में जहाज द्वारा जापान रवाना हो गए। जब ब्रिटिश सरकार को विदित हुआ कि श्री रासबिहारी बोस जापान में हैं तो उन्हें सौंपने की माँग की। जापान सरकार ने इस माँग को मान भी लिया था किंतु जापान की अत्यंत शक्तिशाली राष्ट्रवादी संस्था ब्लेड ड्रैगन के अध्यक्ष श्री टोयामा ने श्री बोस को अपने यहाँ आश्रय दिया। इसके बाद किसी जापानी अधिकारी का साहस न था कि श्री बोस को गिरफ्तार कर सके। इस अवस्था में श्री बोस प्रायः आठ वर्षों तक रहे। अनंतर आपने एक जापान महिला से विवाह किया और वहीं रहने लगे। वहीं आपने भारतीय स्वातंत्रय संघ की स्थापना की। रासबिहारी बोस भारत की विभिन्न राष्ट्रीय भाषाओं के अच्छे ज्ञाता थे। इसी कारण इन्हें को देश में क्रांतिकारी संघटन करने में अभूतपूर्व सफलता मिली थी। जापान जाकर भी आपने भारतीय स्वतंत्रता के लिए ऐतिहासिक कार्य किए। यहाँ जापानी भाषा का अध्ययन कर आपने इस भाषा में भारतीय स्वतंत्रता के संबंध में पाँच पुस्तकें लिखीं। इन पुस्तकों का जापान में व्यापक प्रचार प्रसार हुआ। श्री संडरलैंड की 'पराधीन भारत' शीर्षक पुस्तक का आपने जापानी भाषा में अनुवाद किया।

**आजाद हिंद फौज की स्थापना**

भारतीय स्वात्रंत्र्य संघ के संस्थापन के अतिरिक्त आपने ही प्रथम आजाद हिन्द फौज का संघटन किया। इस सेना के प्रधान श्री मोहन सिंह थे। इसी संघटन के आधार पर नेता जी श्री सुभाषाचंद्र बोस ने द्वितीय आजाद हिन्द फौज का संघटन किया। श्री रासबिहारी बोस देश के स्वातंत्रयवीरों में अग्रगण्य हैं। क्रांतिकारी आंदोलन द्वारा भारत को पराधीनता से मुक्त करने के लिए आपने जो पराक्रम दिखाया, वह स्वाधीनता आंदोलन के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

### बिहार के राज्यपाल फागु चौहान का गया जी में चार जगहों पर फूंका गया पुतला।

# बिहार के राज्यपाल पर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का है आरोप।

### कुलपति के अभाव में मगध विश्वविद्यालय गया का 4 वर्षो से सेशन चल रहा है लेट।

**समाज जागरण ,राकेश कुमार मिश्र,सहायक प्रभारी मगध प्रमण्डल सह ब्यूरो चीफ**

गया ( बिहार ) 20 जनवरी 2023 :- मगध विश्वविद्यालय का सेशन लेट चलने पर आक्रोशित छात्र जदयू नेता ने बिहार के राज्यपाल के विरूद्ध जमकर नारे बाजी की और सड़कों पर उतर कर विरोध प्रदर्शन किया। बिहार के राज्यपाल का क्रियाकलापों से क्षुब्ध एवं नाराज मगध विश्वविद्यालय के छात्र जदयू अध्यक्ष एवं छात्र- छात्राओं ने शुक्रवार को गया में मगध विश्वविद्यालय कॉलेज मोड़ से गाँधी मैदान होते हुए राजेंद्र टॉवर चौक तक पैदल मार्च किया और आक्रोशित छात्र जदयू अध्यक्ष एवं छात्रों ने गया जी में 4 जगहों पर बिहार के राज्यपाल फागु चौहान का पुतला दहन किया।



यह प्रदर्शन बिहार राजभवन व राज्यपाल के खिलाफ था जिसमें सैकड़ों की संख्या में यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स भी शामिल थे, जिसका नेतृत्व मगध विश्वविद्यालय के छात्र जदयू अध्यक्ष यश वर्मा उर्फ उत्तम कुशवाहा ने किया:

मगध विश्वविद्यालय के छात्र जदयू अध्यक्ष उत्तम कुशवाहा ने कहा कि मगध यूनिवर्सिटी हजारों-लाखों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ मजाक कर रहा है। जिसको लेकर यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं में काफी आक्रोश है।

## नारी सशक्तिकरण का बेहतर प्रयास है "राष्ट्रीय बालिका दिवस" : शिव भूषण

**समाज जागरण विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड,**

औरंगाबाद (बिहार) 20 जनवरी 2023 :- महिला एवं बाल विकास निगम, पटना (बिहार) एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के आलोक में राजकीय मध्य विद्यालय गंगहर में शुक्रवार को 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' मनाया गया। प्रधानाध्यापक शिव भूषण कुमार उपाध्याय ने बताया कि बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत बालिका दिवस को जनभागीदारी के रूप में मनाया गया। जिसमें बालिकाओं को अधिकारों की जानकारी एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया तथा बालिकाओं के लिए सुरक्षित वातावरण बनाने के सामाजिक प्रयास को सराहा गया।



कार्यक्रम के दौरान उपरोक्त विषय पर निबंध लेखन, स्लोगन लेखन तथा खेल कूद का आयोजन किया गया और सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण परिवेश में पली - बढ़ी बच्चियों को अपने अधिकारों के प्रति प्रेरित करने का बेहतर प्रयास है। कार्यक्रम के आयोजन में शिक्षक संजय कुमार, रामाधार सिंह, सीमा कुमारी, योगेंद्र भूषण, रमेश बैठा आदि ने अहम भूमिका निभाई।

## छात्र जनता दल (यू) के अध्यक्ष उत्तम कुशवाहा के नेतृत्व में गया कॉलेज से टावर चौक तक मगध विश्वविद्यालय के समस्याओं एवं राज्यपाल बिहार के विरोध में निकाला पैदल मार्च

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद**

गया ( बिहार) छात्र जनता दल यूनाइटेड के अध्यक्ष उत्तम कुशवाहा के नेतृत्व में गया कॉलेज से टावर चौक तक राज्यपाल फागू चौहान के विरोध में एवं मगध विश्वविद्यालय के समस्याओं को लेकर पैदल मार्च निकाला ' इस दौरान हजारों की संख्या में छात्रझछात्राओं का जन सैलाब सड़कों पर पैदल मार्च एवं आक्रोश मार्च करते दिखे ' छात्र जदयू के मगध विश्वविद्यालय अध्यक्ष यशवर्मा उर्फ उत्तम कुशवाहा ने आज पूरे विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ आक्रोश मार्च निकालकर बिहार के महामहिम राज्यपाल फागू चौहान का गया के कुल 4 जगहों पर पुतला दहन कर चेतावनी देते हुए कहा कि इस महीने के अंदर लंबित परिणामो को जारी नही किया गया साथ ही लंबित जितने भी कोर्स है उसके परीक्षाओं का शेड्यूल जारी नही की गई , मगध विश्वविद्यालय में स्थाई कुलपति एंव स्थाई रजिस्ट्रार की नियुक्ति नही की गई तो अगली माह में लाखों छात्रों के साथ राज्यभवन का घेराव किया जाएगा ' उन्होंने मीडिया द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए कहा कि राज्यपाल को शर्म आनी चाहिए कि मगध के लाखों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे है। साथ ही कड़ी चेतावनी देते हुए कुशवाहा ने कहा कि अगर आपसे विश्वविद्यालय नही संभल रहा तो राज्य सरकार को दे दीजिए।



इस मौके पर छात्र जदयू मगध विश्वविद्यालय के उपाध्यक्ष अमरजीत कुमार , रौशन कुमार , सुजीत कुशवाहा, प्रदेश सचिव प्रतीक कुशवाहा , कुंदन कुमार , हिमांशु , रवि, रौशन, प्रीति यादव , अनिल यादव, शक्ति सिंह , मंजीत , गुड्डू , दीपक अमन , चंद्रगुप्त , प्रत्युष , सत्यम , गोरेलाल ,रामरतन , राहुल ,अमित एंव हजारों छात्र -छात्राएं मुख्य रूप से शामिल थे '

## बेटी बचाओ का नारा देने वाले बेटियों का शोषण कर रहे है-कांग्रेस

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद**

गया ( बिहार)- 20 जनवरी 2023 -भारत के महिला पहलवान विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता ओलंपियन विनेश फोगाट द्वारा भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर कई वर्षो से महिला पहलवानों का यौन शोषण का आरोप लगाने से भारत का नाम संपूर्ण विश्व में बदनाम हुआ है ' इस संबंध में कांग्रेस पार्टी के नेता, कार्यकर्ता स्थानीय टावर चौक पर भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह का पुतला दहन कर उन्हे अध्यक्ष पद से बर्खास्त कर अविलंब एफ आई आर दर्ज कर कड़ी सजा दिलाने की मांग किया है।अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सदस्य सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू, पूर्व विधायक मो खान अली, जिला उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, शिव कुमार चौरसिया, सुरेंद्र मांझी, उदय शंकर पालित, टिंकू गिरी, अमित कुमार उर्फ रिंकू सिंह,मौलाना आफताब



खान, बाल्मिकी प्रसाद, जगरूप यादव, शशिकांत सिन्हा, अभिषेक श्रीवास्तव, सुनील कुमार राम, विनोद उपाध्याय,मो समद, असरफ इमाम आदि ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि देश की शान विश्व चैंपियन विनेश फोगाट के साथ ऐसी घटना बेहद शर्मनाक है, जिससे भाजपा का बेटी बचाओ, बेटी बढ़ाओ का नारा पूरी तरह खोखला साबित हुआ है।नेताओ ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में आगे कहा है कि देश की राजधानी दिल्ली के जंतर मंतर पर पहलवानों का अनिश्चित कालीन धरना जिसे संपूर्ण भारत वासियों का समर्थन मिल रहा है, तथा सभी पहलवान एवम् वहां जुटे लोग कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को कड़ी सजा दिलाने की मांग प्रधानमंत्री से कर रहे है ' उन्होंने आगे कहा कि जिस प्रकार विश्व चैंपियन महिला पहलवान विनेश फोगाट की आंखों में आशु छलक पड़े हैं, तथा उनके साथ इस तरह के शर्मनाक घटना जिसे वो सरकार से भी बयां कर चुकी है,परंतु अभी तक केंद्र सरकार द्वारा कारवाई नहीं करने से देशवासियों में भारी रोष व्याप्त है '

## शराब पीकर दांत काटने वाले के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर औरंगाबाद (बिहार)**

औरंगाबाद जिला के गोह थाना क्षेत्र के चापुक पंचायत अंतर्गत कुड़वां गांव में एक शराबी ने शराब पी कर उक्त गांव निवासी रामनिवास भगत को गाली गलौज करते हुए अंगुठे में दांत काट लिया है। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायल युवक का इलाज समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोह में किया जा रहा है। वहीं घायल युवक ने पियक्कड़ के खिलाफ कांड संख्या 28/23 दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि पियक्कड़ रंजीत राम को एएस आई संजय कृष्ण ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया है।

### दो माह पूर्व विवाहिता को जलाकर हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर औरंगाबाद (बिहार)**

औरंगाबाद जिला के उपहारा थाना क्षेत्र के सहरसा गांव में 29 नवंबर को एक विवाहिता को जलाकर हत्या कर दिया गया था। हत्या करने वाले दोनों आरोपित को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार किया है। थाना अध्यक्ष मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि सहरसा गांव निवासी महेंद्र प्रसाद एवं विपिन प्रसाद ने मिलकर विवाहिता को जलाकर हत्या कर दिया था। जिसमें विवाहिता रेखा कुमारी के भाई दाउदनगर निवासी उपेंद्र कुमार के द्वारा कांड संख्या 91/22 दर्ज कराया गया था। जिसमें दोनों आरोपी दो माह से फरार चल रहे थे।पुलिस ने गुप्त सूचना मिलते ही शस्त्र पुलिस बल के साथ गुरुवार के दिन दोनों आरोपित को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया है।

## अक्षय अपहरण मामले में पुलिस को बड़ी सफलता

**समाज जागरण संवाददाता** पकरीबरावां( नवादा)। पकरीबरावां थाना क्षेत्र के हथियरी गांव निवासी महेश कुमार के 25 वर्षीय पुत्र अक्षय कुमार के अपहरण मामले में पुलिस को सफलता मिली है। चर्चा है अपहत युवक को बरामद कर लिया गया है। इस मामले में चार-पांच लोगों की गिरफ्तारी की भी खबर है। यद्यपि इस मामले में पुलिस कुछ भी बताने से परहेज कर रही है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में कार्रवाई की जा रही है। चर्चा यह भी है कि पुलिस ने अलीगंज सहित अन्य कई गांवों में छापेमारी भी की है। गौरतलब है कि 15 जनवरी को युवक घर से किसी काम से वारिसलीगंज निकला था। जब शाम में उसके पिता ने कॉल किया तो उसने बताया कि वह किसी काम से नवादा चला आया है। बताया गया कि उसके बाद उसका दोनों नंबर बंद बताने लगा। घर नहीं लौटने पर युवक की मां अनिता देवी ने पकरीबरावां थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। प्राथमिकी दर्ज होते ही पुलिस हरकत में आयी।

## स्ट्रॉबेरी की खेती का अध्ययन करने पहुंचे नाबार्ड पदाधिकारी एवं कृषि वैज्ञानिक

**समाज जागरण विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 20 जनवरी 2023 :- मुख्य महाप्रबंधक (नाबार्ड) डॉ. सुनील कुमार, जी एम सुधीर कुमार रॉय, बीके सिंह, डॉ. अनूप चौबे, डॉ. संगीता मेहता ने शुक्रवार को चिल्हकी बिगहा गांव में स्ट्रॉबेरी की खेती का मुआयना किया। मुख्य महाप्रबंधक ने बताया कि पारंपरिक कृषि से हटकर किसान बड़े पैमाने पर स्ट्रॉबेरी की खेती कर रहे हैं जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। किसान और वैज्ञानिक के परस्पर सहयोग से उत्पादन बहुत अच्छा हो रहा है। फलों का बिहार एवं अन्य राज्यों में निर्यात कर किसान अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां हो रही खेती का अध्ययन कर इस तरह के मॉडल दूसरे जिलों में भी लगाया जाएगा। बड़े पैमाने पर की जा रही स्ट्रॉबेरी की खेती को प्रोसेसिंग के लिए उत्पादक समूह का गठन किया जाएगा और प्रोत्साहन के अन्य बिंदुओं पर विचार किया जाएगा।

**प्रोत्साहन के आश्वासन के बाद भी असंतुष्ट दिखे किसान**

आत्मा अध्यक्ष बृज किशोर मेहता ने बताया कि कई बार प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा आश्वासन दिया गया है। वर्ष 2019 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी स्ट्रॉबेरी की खेती का मुआयना कर प्रोत्साहन का आश्वासन दिया था परंतु अभी तक किसानों को किसी प्रकार की सहायता नहीं दी गई।




**किसानों ने बताई अपनी मांग**

किसानों ने बताया कि स्ट्रॉबेरी की खेती में प्रति एकड़ लगभग 650000 रुपए का खर्च आता है। जिसमें सरकार द्वारा मात्र 20000 रुपयों की अनुदान राशि दी जाती है। जो लागत मूल्य के हिसाब से बहुत कम है। किसानों को पुणे से पौधा मंगवाना पड़ता है। जो काफी खचीर्ला है। ऐसी स्थिति में सरकार नर्सरी की व्यवस्था करे जहां से किसान कम मूल्य पर आसानी से पौधा खरीद सके। किसानों को 50% सब्सिडी पर पौधा उपलब्ध कराया जाए तथा फलों के निर्यात के लिए ट्रांसपोर्टिंग की व्यवस्था मिलनी चाहिए। प्राकृतिक आपदा में कई बार फसल पूरी तरह नष्ट हो जाता है। ऐसे में किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति से बचाव के लिए स्ट्रॉबेरी का फसल बीमा करवाने का प्रावधान होना चाहिए।

## नवनिर्मित शिव मंदिर एवं हनुमान मंदिर का देव के राजा कुरका में हुआ पूजा अर्चना एवं उत्घाटन।

**दैनिक समाज जागरण, वीरेंद्र यादव जिला संवाददात्ता**

औरंगाबाद जिले के देव प्रखंड के इसरौर पंचायत के श्री शक्ति मिश्रा फाउंडेशन गणेश मंदिर कुरका के तत्वधान में प्रखंड के बसडीहा पंचायत के राजा कुरका में नवनिर्मित हनुमान मंदिर एवं शिव मंदिर का शुभ उद्घाटन एवं पूजा अर्चना शुक्रवार को किया गया। जिसका उद्घाटन गणेश मंदिर कुरका के शक्ति मिश्रा एवं देव नगर पंचायत के नवनिर्वाचित चेयरमैन पिंटू साहिल, मुखिया पंकज सिंह, देव प्रखंड कृषि पदाधिकारी कृष्णादेव चौधरी ने फीता काटकर किया। इस उत्घाटन पर राजा कुरका के ग्रामीणों ने सैकड़ों की संख्या में गाजे-बाजे के साथ हाथ में महावीरी झंडा एवं फूलों का हार लिए शक्ति मिश्रा के आवास पर पहुंचे और सभी ने ऐसे नेक कार्य के लिए उनको स्वागत के साथ फूलों का हार पहनाकर नवनिर्मित शिव मंदिर एवं हनुमान मंदिर का अपने हाथों से उद्घाटन करने का आग्रह किया। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने हर्षोल्लास के साथ शक्ति मिश्रा को स्वागत किया। कार्यक्रम के संबोधन में देव कृषि पदाधिकारी कृष्णा देव चौधरी ने कहा कि पैसा तो सभी के पास होता है। लेकिन दिल नहीं होता है। ऐसे नेक कार्य के लिए मैं शक्ति मिश्रा को धन्यवाद देता हूं। इसरौर पंचायत के मुखिया पंकज सिंह ने कहा की आज तक हम इतना दान देने वाला इस क्षेत्र में ऐसे व्यक्ति नहीं देखें थे। पंडित जी को दान हम लोग देते हैं। लेकिन शक्ति मिश्रा ने पंडित जी हो करके भी हम लोगों को दान दे रहे हैं। पूरे देव प्रखंड में घूम घूम कर देख लिया जाए ऐसे दान देने वाले व्यक्ति नहीं मिलेंगे। इसलिए शक्ति मिश्रा धन्यवाद के पात्र हैं। और इनको हम धन्यवाद देते हैं कि ऐसे नेक काम करते रहे। चेयरमैन पिंटू साहिल ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे नेक कार्य में कुछ लोगों को दिल में जज्बा होती है। शक्ति मिश्रा ने देव में मिडिल स्कूल के पास शिव मंदिर एवं देव रानी तालाब के पास शिव मंदिर का जिनोर्धान करके पुण्य के भागी बने हैं। ऐसे नेक कामों के लिए मैं शक्ति मिश्रा को धन्यवाद देता हूं और धन्यवाद देता हूं इनको माता-पिता को जिन्हों ने ऐसे पुत्र को जन्म दिया है जो गरीबों का बादशाह बने हुए हैं। मैं ऐसे महान शक्ति मिश्रा से कहना चाहता हूं कि आपको जब भी हमको जरूरत पड़े तो आप हमें जरूर याद कीजिए मैं आपको साथ देने के लिए हर संभव तैयार हूं चाहे आर्थिक या समाजिक हो जितना हम से बनेगा मैं आपके साथ हूं। इस मौके पर समाजसेवी शक्ति मिश्रा ने अपने भोजपुरिया स्टाइल में कहा कि हम रऊवानी सबके बीच में कहल चाही थी कि बेटा मानू चाहे भाई समझु बहुत सुंदर ई कार्य हो रहल हे हम जानईथी कि आधा रोटी खिया के कोई केहू के पेट ना भर सक हे लेकिन हम 24 घंटा रऊवनी के खातिर खाड़ा ही निस्वार्थ भाव से एक बात और बता देई थी की हम जिंदगी में कभी राजनीतिक करे वाला ना ही हम अपने खातिर हर समय खड़ा रहब इस कार्यक्रम में मदन मोहन मिश्रा, नवल मिश्रा, सरस्वती शिशु मंदिर के परचार्य, शशि पाठक, समाजसेवी महादेव चौधरी, उपेंद्र राम के साथ-साथ सभी गणमान्य व्यक्ति एवं ग्रामीण जनता मौजूद थे।



## टिकारी के केसपा ग्राम में भगवान बुद्ध ने कमल के फूल पर पर बैठकर ग्रामीणों के बीच दिए थे उपदेश – हिमांशु शेखर

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद**

गया (बिहार )-20 जनवरी 2023-गया जिला के टेकारी अनुमंडल अंतर्गत मां तारा नगरी से विख्यात केसपा में भगवान बुद्ध ने ग्रामीणों के बीच कमल के फूल पर बैठकर उपदेश देने का काम किए थे ' उक्त बातें केसपा निवासी सह सॉफ्टवेयर इंजीनियर व साहित्यकार हिमांशु शेखर ने मीडिया से भेंटवार्ता के दौरान कहीं उन्होंने आगे कहा कि हजारों वर्षों से खुले आकाश के नीचे उपेक्षित अवस्था में भगवान गौतम बुद्ध की आदमकद प्रतिमा विराजमान है। इस वर्ष पर्यटकों की बढ़ती भीड़ से उत्साहित होकर ग्रामीण प्रो0 अरुण शर्मा के नेतृत्व में श्याम कृष्णा उर्फ रिंटू और विक्रम कुमार ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा का सौंदर्यीकरण एवं उनके रख-रखाव का बेहतर प्रबंध करने का बीड़ा उठाया है। केसपा ग्राम में भगवान बुद्ध से जुड़े कई साक्ष्य उपलब्ध है, जो आज भी उपेक्षा का दंश झेल रहे है। कई वर्ष पूर्व इस गांव में खुदाई के दौरान पत्थर की बनी हुई कमल के फूल की प्राप्ति हुई थी, मान्यता है कि भगवान बुद्ध इस गांव में उसी कमल के फूल पर बैठकर उपदेश दिए थे।

कई बार विदेशी पुरातत्वविद और इतिहासकारों ने इस गांव का भ्रमण किया है,और उसे अपनी पुस्तकों में स्थान दिया है,लेकिन स्थानीय प्रशासन और जन प्रतिनिधियों ने कभी भी गांव के विकास में दिलचस्पी नही दिखलाई। समाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने कहा है कि यह गांव सरकार को आईना दिखाने का कार्य कर रही है। अब तक का इस गांव का विकास सिर्फ स्थानीय लोगों की देन है। दुर्भाग्य का विषय है कि अनुमंडल पदाधिकारी टिकारी द्वारा चयनित केसपा ग्राम में स्थित लोक आस्था का महाकेन्द्र माँ तारा देवी मंदिर के प्रांगण में पर्यटन विभाग द्वारा निर्देशित प्लास्टिक का उपयोग नही करने कासाइनबोर्ड,डस्टबिन और आर. ओ. सिस्टम के साथ शीतल जल की सुविधा भी उपलब्ध नहीं हो सका है। ग्रामीण हिमांशु शेखर एवं अन्य लोगों ने इसकी लिखित शिकायत माननीय मुख्यमंत्री से उनके गया में प्रस्तावित समाधान यात्रा के दौरान करने का निर्णय लिया है। उन्होंने आगे कहा कि माँ तारा देवी मंदिर हिंदू व बौद्ध दोनों



धमार्लंबियों के लिए आस्था का केंद्र है। लोक मान्यता के अनुसार मंदिर की स्थापना महर्षि कश्यप के द्वारा किया गया था, एवं उन्हीं के नाम पर इस गांव का नामकरण कश्यपपुरी किया गया जो कालांतर में अपभ्रंश होकर केसपा के रूप में जाना जाता है। महर्षि कश्यप ने मंदिर प्रांगण में पीपल वृक्ष के नीचे कश्यप संहिता की रचना किया था, जो आज भी आयुर्वेद जगत में लोकप्रिय हैं। वह पीपल वृक्ष आज भी मंदिर प्रांगण में मौजूद है, जहां लोग अपनी मन्नत पूरी होने के बाद चुनरी बांधते हैं।इस मंदिर में सालोभर पर्यटकों की भीड़ रहती है। ग्रामीण कलाकर डॉ सुबोध कुमार के नेतृत्व में प्रत्येक रविवार को क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा भक्तिमय संगीत की प्रस्तुति किया जाता है। यह कार्यक्रम स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा

दिखलाने का एक उत्कृष्ट मंच बन चुका है।

### एरका चेकपोस्ट से नशे में धुत चार शराबी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड,**

औरंगाबाद ( बिहार ) एरका चेक पोस्ट पर वाहन जांच के क्रम में चार शराबियों को गिरफ्तार किया गया। यह कार्यवाही अमीन मियां ने की। उन्होंने बताया कि शराबियों की पहचान हरिहरगंज निवासी शुभम कुमार, ढिबरा थाना अंतर्गत बरना गांव निवासी देवराज ठाकुर, हरिहरगंज थाना अंतर्गत सरोत गांव निवासी सोनू कुमार एवं लालू यादव के रूप में हुई है। मध निषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए शराबियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### लंबे समय से फरार एससी एसटी मामले का वारंटी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड,**

औरंगाबाद ( बिहार ) अंबा थाना अंतर्गत कांड संख्या 43/14 का वारंटी रंजीत सिंह को मंझौली गांव से गिरफ्तार कर लिया गया। यह कार्यवाही पु.अ.नि. अन्नंत कुमार ने की। कार्यवाही की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि वारंटी एससी एसटी मामले में कई दिनों से फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्यवाही में वारंटी को उसके घर से ही गिरफ्तार कर लिया गया।

## अखिल भारतीय दुसाद उत्थान परिषद के महासचिव मनोनीत हुए संजय

**दैनिक समाज जागरण विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड,**

औरंगाबाद ( बिहार ) अखिल भारतीय दुसाद उत्थान परिषद ने निष्ठा, लगन और कर्मठता के आधार पर संजय पासवान को संगठन के प्रदेश महासचिव पद पर मनोनीत किया गया और कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत अपने कार्यकारिणी का गठन कर केंद्रीय कमेटी को प्रेषित करने का निर्देश दिया गया है। संजय पासवान ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम स्वरूप सिंह दुसाद को धन्यवाद दिया और कहा कि सामाजिक उत्थान एवं जनकल्याणकारी उद्देश्यों की पूर्ति के लिए ईमानदारी, निष्ठा और लगन से काम करूंगा। संगठन एवं समाज को मजबूती प्रदान करने का हर संभव प्रयास करूंगा।



### मदनपुर पुलिस ने एक बाइक के डिक्की से एक लीटर महुआ शराब के साथ एक धंधेबाज को दबोचा।

**मदनपुर से धंनजय कुमार की रिपोर्ट दैनिक समाज जागरण,**

औरंगाबाद (बिहार) औरंगाबाद जिले के मदनपुर थाना के पुलिस ने एक बाइक से एक लीटर महुआ शराब के साथ एक धंधेबाज को धर दबोचा है थानाध्यक्ष शशी कुमार राणा ने बताया की थाना क्षेत्र के बरछी वीर गांव में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था तभी एक बाइक चालक ने अपने बाइक को घूमाकर भागने लगा जिसे पुलिस बल के सहयोग से उसे पकड़ लिया गया है पकड़ में आए व्यक्ति से नाम पता पूछे जाने पर ताराडीह निवासी विनोद प्रसाद के पुत्र पंकज कुमार बताया है जब उसके बाइक के डिक्की जांच किया गया तो उसमे एक लीटर महुआ देशी शराब पाया गया।जिसे जब्त करते धंधेबाज को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। जिसे शुक्रवार को संध्या न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है




### अदरी गांव से एससी एसटी एक्ट के फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण, वीरेंद्र यादव जिला संवाददात्ता**

औरंगाबाद जिले के देव थाना की पुलिस ने शुक्रवार को एससी एसटी एक्ट के फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना लाया है और जांच-पड़ताल शुरू कर दिया है। जानकारी देते हुए देव थाना अध्यक्ष मनोज कुमार पांडे ने बताया कि 2022 के जुलाई महीने में देव थाना में अदरी गांव निवासी वादी राम प्रसाद पासवान ने एक त्रक्षक दर्ज करवाया था जिसमे अदरी गांव निवासी योगेश यादव के पुत्र सिकेंद्र यादव पर एससी एसटी का एक्ट लगाया गया था। तब से सिकंदर यादव फरार चल रहा था। पुलिस को काफी दिन से इसकी तलाश थी।शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिली की सिकंदर यादव अपने गांव पर ही है। सूचना का सत्यापन करने के लिए पुलिस ने छापेमारी किया और सिकंदर यादव को उसके ही गांव अदरी से गिरफ्तार कर लाया गया जिसे शनिवार को न्यायलय में पेश किया जाएगा।



## शेखपुरा गांव से अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर जप्त, एक चालक गिरफ्तार।

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार) गुप्त सूचना के आधार पर गोह थाना के पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के शेखपुरा गांव के समीप देवी स्थान से उत्तर दिशा में अवैध बालू से लदा दो ट्रैक्टर सहित एक चालक को गिरफ्तार कर गोह थाना लाया है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि शुक्रवार के सुबह गुप्त सूचना मिली थी शेखपुरा नदी से दो ट्रैक्टर बालू चोरी कर ले जा रहे है, जिस पर त्वरित कार्रवाई की गई और एएस आई विरेन्द्र कुमार राम ने शेखपुरा नदी से बालू चोरी कर ले जा रहे महेंद्रा ट्रैक्टर इंजन संख्या- फ्ष्ठह - 05886 एवं जॉन डिरे ट्रैक्टर गाड़ी संख्या इफ 26GB 3561 एवं महेंद्रा ट्रैक्टर के चालक रंजन कुमार सहित दोनों ट्रैक्टर को जप्त कर गोह थाना लाया गया ।जप्त किए गए ट्रैक्टर की सूचना खनन विभाग को दी गई है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अवैध बालू चोरी करने वाले के खिलाफ लगातार छापेमारी कर रही है।



### सरकार चली गांव की ओर कार्यक्रम का आयोजन , हसपुरा प्रखंड के मलहारा पंचायत स्थित मलहारा गांव में किया गया।

## आपत्ति के बावजूद भी गाँव का अमीर ब्यक्ती, "जिसके पास ट्रैक्टर, पक्का मकान हैं " को दिया गया राशनकार्ड।

**दैनिक समाज जागरण, प्रेम कुमार सिंह, प्रखंड संवादाता हसपुरा ,**

औरंगाबाद (बिहार) 20 जनवरी 2023:- हसपुरा प्रखंड के मलहारा पंचायत स्थित मलहारा गांव में सरकार चली गांव की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया गय। इस शिविर में 62 लाभुकों को नये राशन कार्ड का वितरण किया गया। मलहारा गांव के अमीर ब्यक्ती जिसके पास ट्रैक्टर, पक्का मकान तो है ही प्राइवेट नौकरी भी करता है जिसे शिविर में राशनकार्ड दिया गया।

ग्रामीण आरोप लगा रहे थे कि अधिकारियों के लापरवाही से राशन कार्ड बनाया गया है।जिसे लेकर असहायों ने आक्रोश जताया। बताया गया कि राशनकार्ड से वंचित पात्र लाभुक अभी भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं,जांच कर राशनकार्ड बनाया जाएगा।

मनरेगा जॉब कार्ड हेतु 35 आवेदन प्राप्त हुए तथा 135 आधार कार्ड से लिंक किया गया। पशुपालन विभाग से सम्बन्धित 226 ग्रामीणों को पशु से सम्बंधित समस्याओ के सम्बंध के बताया गया और दवा का वितरण किया गया।सामाजिक सुरक्षा से सम्बंधित 22 आवेदन प्राप्त हुए जिसपर शीघ्र कार्रवाई का निदेश दिया गया।प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 30 लाभुको का आवेदन प्राप्त हुआ।



बीडीओ के द्वारा बताया गया कि इस पंचायत में सभी सूची ऑटो रिमांड हो जाने के कारण किसी को आवास का लाभ नही मिला है। निर्देश दिया गया कि शीघ्र इसमें सुधार हेतु अग्रेतर कार्रवाई करें।

स्वस्थ्य शिविर में 85 लोगों का जांच किया गया तथा ब्लड प्रेशर एवं शुगर जांच कर दवा का वितरण किया गया।डॉर्ड नेत्र चिकित्सालय दाऊदनगर के सहयोग से शिविर में आये ग्रामीणों के आंख की जांच की गई तथा मोतियाबिंद के मरीज का बिना शुल्क इलाज का निदेश दिया गया।

मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना एवं प्रधानमंत्री मातृत्व वन्दन योजना तहत 47 आवेदन प्राप्त हुआ।

अनुमंडल पदाधिकारी दाऊदनगर कुमारी अनुपम सिंह द्वारा सभी आवेदनों का निष्पादन शीघ्र करने का निदेश सभी पदाधिकारियों को दिया गया, इसके साथ ही साथ बाल विवाह एवं दहेज प्रथा के उन्मूलन में लोगों के सहयोग हेतु जागरूक किया गया। शिविर में उपस्थित महिलाये एवं युवा लड़कों द्वारा दहेज नही लेने का शपथ लिया गया।

आयोजित शिविर में बीडीओ अभय कुमार, सीओ शोभा कुमारी,सीडीपीओ पद्मजा जयश्री,पीओ शशी कुमारी,मुखिया संतोष सौंडिक सहित दर्जनों कर्मचारी व दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

आपत्ति के बावजूद भी गांव के संपन्न व्यक्ति को राशन कार्ड दिया गया जो प्रशासनिक पदाधिकारियों के उपर सवालिया निशान को खड़ा करता है।

# फाईनेंस कंपनी के एजेंट से लूट का पुलिस ने किया अनावरण, पांच गिरफ्तार

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण**

- स्वाट टीम और रानीपुर पुलिस के संयुक्त अभियान में शुक्रवार को मिली कामयाबी
- लूट के 47 हजार नकदी के साथ दो मोटरसाइकिल, तीन हथियार भी बरामद
- शुक्रवार को पुलिस लाइन सभागार में प्रेसवार्ता के दौरान एसपी ने दी जानकारी
- एसपी अविनाश पांडेय ने पुलिस टीम को 25 हजार रुपए देकर किया पुरस्कृत

मऊ : रानीपुर थाना के ब्राह्मणपुरा गांव में विगत



17 जनवरी को को फाईनेंस कंपनी के एजेंट से हुई लूट का शुक्रवार को पुलिस ने अनावरण किया। लूट में शामिल सभी पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर चालान किया गया। पुलिस ने सभी के पास से लूट के 47 हजार नकदी सहित कई अन्य सामान भी बरामद किया। पुलिस लाइन सभागार में शुक्रवार का प्रेसवार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने बताया कि घटना के बाद से स्वाट प्रभारी अमित मिश्रा व रानीपुर पुलिस लगातार छापेमारी में जुटी थी। शुक्रवार की सुबह मुखबीर से सूचना मिलने पर ब्राह्मणपुरा चौराहे से कुछ दूरी पर मसंडी रोड पर समय लगभग साढ़े 11 बजे दो मोटसाइकिल सवार पांच अभियुक्तों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से 47 हजार रुपए, एक बैग, आईकार्ड व कागजात व तीन पिस्टल तथा तमंचा व चार कारतूस और पांच मोबाइल बरामद किया गया। सभी की पहचान अकबरपुर टड़वा निवासी सुशील कुमार गौतम, चैनपुर निवासी शिवम चौहान, अकबरपुर निवासी रोहित कुमार, बालेश्वर राजभर, रविंद्र राम के रूप में हुई। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ के दौरान बताया कि दो अन्य साथी परमहंस और मृत्युंजय निवासी मिजार्पुर थाना रानीपुर के साथ मिलकर विगत 17 जनवरी फाइनेंस कंपनी एजेंट से लूट किया था। एसपी ने बताया कि उक्त सभी अभियुक्तों पर पहले भी कई मुकदमा पंजीकृत है, उसमें अन्य धाराओं को शामिल कर सभी का चालान न्यायालय किया गया। वही बरामद दो मोटरसाइकिल को एमवी एक्ट सीज किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में स्वाट प्रभारी अमित मिश्रा, राजेश कुमार प्रभाकर, अजित दुबे, विवेक सिंह, संजय सिंह, बृजेश मौर्य आदि लोग थे। पुलिस टीम के उत्साहवर्धन हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा 25 हजार रुपए के पुरस्कार की घोषणा की गई।

# टला बड़ा हादसा, रेलवे फाटक तोड़ते हुए वाहन चालक फरार

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

- शुक्रवार की भोर में करीब तीन बजे पुलिस के ट्रक को रोकने पर हुआ हादसा
- मवेशियों से लदा ट्रक लेकर बलिया की तरफ जा रहा था ट्रक चालक

मऊ : रेलवे स्टेशन के पश्चिमी फाटक पर शुक्रवार की भोर में करीब तीन बजे मवेशियों से लदा ट्रक पुलिस के रोकने के इशारा करते ही तोड़कर फरार हो गया। फाटक टूटने के बाद रेलवे में हडकंप मच गया। गेटमैन ने प्रभारी निरीक्षक को घटना की जानकारी दी। इस बीच रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली दो ट्रेनों को स्लाइडिंग विधि से क्रासिंग पार कराया गया। गेटमैन ने अज्ञात चालक के खिलाफ तहरीर दिया, चालक पर रेलवे सुरक्षा अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। भोर में करीब तीन बजे रेलवे क्रासिंग से पहले शहीद तिराहे पर पुलिस ने तेजी से आ रहे वाहन को रोकने का इशारा किया जो चालक ने वाहन की गति को बढ़ा दिया। रेलवे स्टेशन के पश्चिमी क्रासिंग को तोड़ते हुए वह बलिया की तरफ भाग गया। ड्यूटी पर तैनात गेटमैन राम अवधेश सिंह द्वारा प्रभारी निरीक्षक आरपीएफ व स्टेशन प्रभारी रतनपुरा को सूचना दिया गया। घटना से विभाग में हड़कंप मच गया। आनन फानन में सभी रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि वाहन के बैरिकेडिंग तोड़ने से एक मिनट पहले वहां से दादर एक्सप्रेस गुजरी थी। रेलवे द्वारा क्षतिग्रस्त फाटक के मरम्मत का कार्य शुरू किया गया, जो देर शाम तक चलता रहा। मरम्मत के दौरान सुबह करीब साढ़े छह बजे



उत्सर्ग एक्सप्रेस, सात बजे बलिया शाहगंज सवारी गाड़ी, पौने आठ बजे इंटरसिटी एक्सप्रेस को स्लाइडिंग विधि माध्यम से क्रासिंग पार कराया गया।

# निर्वाचन अधिकारी एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग की अधिसूचना के अनुसार जनपद में क्षेत्र पंचायत सदस्यों के रिक्त पदों में उप निर्वाचन संपन्न कराए जाएंगे। जिसमें नाम निर्देशन पत्रों को जमा करने की अंतिम तिथि 24 जनवरी 2023 पूर्वाहन 10 से अपराहन 4 बजे तक, नाम निर्देशन पत्रों की संमीक्षा का 25 जनवरी को 10 से कार्य की समाप्ति तक, उम्मीदवारी वापस लेने का दिनांक 27 जनवरी पूर्वाहन 10 बजे से अपराहन 3 बजे तक, प्रतीक आवंटन किया जाएगा। 10 फरवरी को प्रातः 8 बजे से कार्य की समाप्ति तक निर्धारित किया गया है। निर्वाचन को संपादित कराने हेतु जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचन अधिकारी के रूप में विकास खंड मुहम्मदाबाद में डॉक्टर पशुपति कुमार केसरी चिकित्सा अधिकारी आयुर्वेद मोहम्मदाबाद एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी विनोद कुमार सिंह अवर अभियंता आरईडी को नियुक्त किया गया तथा निर्देश दिया गया कि निर्वाचन कार्य निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराएं।

# जिलाधिकारी ने गुंडा एक्ट के तहत 9 को किया जिला बदर

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : जिलाधिकारी अरुण कुमार ने गुण्डा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 9 लोगों को जिला बदर करने के आदेश जारी किए। जिला बदर किए गए अपराधियों में अशोक मल्ल उर्फ छोटू मल्ल पुत्र संजय मल्ल निवासी उसुरी, थाना मधुबन, सोनू पुत्र कमलेश निवासी अब्दोपुर, थाना चिरैयाकोट, अमीर चंद गुप्ता पुत्र विश्वनाथ निवासी अहिरुपुर, थाना मधुबन, महेंद्र यादव पुत्र राजपत यादव सरवानपुर, थाना कोपागंज, सुभाष



यादव पुत्र गनपत यादव सरवानपुर थाना कोपागंज, हरिकेश चौहान पुत्र शिववचन चौहान सरवानपुर थाना कोपागंज, रामानंद चौहान पुत्र विजय कुमार चौहान सरवानपुर थाना कोपागंज, सोनू चौहान पुत्र नरेंद्र चौहान सरवानपुर थाना कोपागंज, जसवंत चौहान पुत्र सूर्यप्रकाश उर्फ श्रीप्रकाश सरवानपुर थाना कोपागंज जनपद मऊ को गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जिला बदर करने के आदेश जारी किए। इन सभी अपराधियों पर विभिन्न थानों में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमे दर्ज हैं। जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक को निष्कासन अवधि के दौरान इन पर कड़ी नजर रखने एवं जनपद की सीमा में प्रवेश न करने हेतु व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

# जामो पुलिस ने चोरी के सामान के साथ किया गिरफ्तार ।

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उ0नि0 हरदेव बहादुर सिंह थाना जामो मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 361/22 धारा 380,457,411 भादवि थाना जामो में वांछित अभियुक्त अर्जुन धोबी पुत्र पप्पू धोबी नि0 बरौलिया



थाना जामो जनपद अमेठी को बरौलिया जोधनपुर मोड के पास से समय करीब 08:10 बजे प्रातः में गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से 02 बोरी में अलग अलग चोरी का सामान व चोरी के बचे हुए 500/ रुपए नगद बरामद हुए । पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि मैंने अपने साथी मो0 शफीक पुत्र नासिर अली नि0 बरौलिया के साथ मिलकर तीन माह पूर्व गांव की ही आंसमा बेगम के घर में कमरे का ताला तोड़कर चोरी की थी ,आंसमा बेगम के घर के सभी लोग दिल्ली में रहते है घर पर कोई नहीं रहता मो0 शफीक के कहने पर ही मैंने उसके साथ चोरी की थी, मेरे पास जो सामान बरामद हुआ है यह उन्ही के घर से चुराया हुआ है, जबसे मो0 शफीक को आपने जेल भेजा है तबसे पकड़े जाने के डर से मैं घर से भाग गया था,आज इसी सामान को बेंचने जा रहा था आपने पकड़ लिया । थाना जामों द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# 22 दिन बाद अधेड़ का शारदा नहर में मिला शव

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

अमेठी जनपद के जामो उम्र लगभग 48 वर्ष है जो कि 22 दिन पूर्व घर से बाजार जाने के लिए कहकर निकले थे और वापस नहीं आए घरवालों ने काफी खोजबीन की लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला सुबह उनके लड़के राहुल के फोन पर उनके एक परिचित ने बताया कि आपकी मोटर साइकिल मवई चौराहे के पास शारदा सहायक नहर खंड 49 के पास खड़ी है। परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस और ग्रामीणों ने नहर में खोजा गया लेकिन उस समय कुछ पता नहीं चला। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि राम केदार राजगीर मिस्त्री का कार्य करते थे और शराब के नशे के आदी थे।

नहर में पानी कम होने के बाद आज बृहस्पतिवार को छत्ता के पुरवा के पास उनका शव बरामद हुआ, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेज दिया है। जामो थाना प्रभारी अखिलेश गुप्ता ने बताया अभी तहरीर नहीं मिली है फिर भी जांच की जा रही है।

# 28 लाख रुपए नगदी के साथ दो लोगों को जीआरपी दिलदारनगर ने किया गिरफ्तार

**बिकास राय ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण**

ट्रेनों में बढ़ रही चोरी अवैध शराब तस्करी अपराधिक गतिविधियों की रोकथाम वह अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे हैं सर्च अभियान के जीआरपी पुलिस दिलदारनगर ने प्लेटफार्म नंबर 2 से चेकिंग के दौरान 28 लाख रुपए नगदी के साथ दो लोगों को किया गिरफ्तार, आवश्यक पूछताछ के बाद भेजा जेल।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय दानापुर रेलखंड के दिलदार नगर रेलवे स्टेशन पर अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे ए सतीश गणेश पुलिस महानिरीक्षक रेलवे एस के सिंह एवं पुलिस अधीक्षक रेलवे प्रयागराज अष्टभुजा प्रसाद सिंह व पुलिस उपाधीक्षक रेलवे वाराणसी सुनील कुमार सिंह के आदेश के क्रम में जीआरपी पुलिस चेकिंग अभियान चला रही थी। जीआरपी अवैध शराब तस्करी एवं ट्रेनों में बढ़ती चोरी की घटनाओं को रोकथाम व



अपराधियों की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु रेलवे स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया में सर्च अभियान चला रही थी इस दौरान दो व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में ट्रेन के इंतजार करते हुए मिले।

पुलिस को देखकर वह भागने की फिराक में जुटे तब तक पुलिसकर्मियों ने उन्हें घेरकर पकड़ लिया। उनके पास मिले बैग की तलाशी ली गई तो उसमें 28 लाख रुपए नगदी बरामद हुआ। जब रुपए के बारे में पूछताछ किया गया तो उन्होंने खुद को वाराणसी में सोने चांदी का कारोबारी बताया बरामद रुपए के बारे में व्यक्तियों से आवश्यक साथ अथवा अधिकार पत्र मांगा गया तो वह उसे प्रस्तुत नहीं कर पाए। दोनों व्यक्तियों को जीआरपी ने गिरफ्तार करते हुए आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

गिरफ्तार अभियुक्तों ने पुलिस के पूछताछ में अपना नाम सनी कुमार गुप्ता पुत्र शंकर कुमार गुप्ता एवं मिहिर कुमार गुप्ता पुत्र मनोज शाह निवासीगण तरी मोहल्ला, आरा थाना टाउन जिला भोजपुर बिहार बताया। जीआरपी चौकी इंचार्ज शिव सागर ने बताया कि बरामद रुपए को आयकर विभाग वाराणसी को जरिए दूरभाष सूचना देकर विधिक कार्रवाई के लिए सूचित किया गया है। सर्च अभियान के दौरान कांस्टेबल विवेक पांडे व कांस्टेबल अमरजीत मौर्य मौजूद रहे।

# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गाजीपुर में पूर्व सैनिकों से संवाद कर किया सम्मानित

**बिकास राय ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण**




गाजीपुर 20 जनवरी :- भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लोकसभा प्रवास योजना के अन्तर्गत गाजीपुर के नंद रेसीडेंसी में पूर्व सैनिकों का सम्मान किया व उनसे संवाद किया।

पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मुझे ऐसी धरती पर आने का सौभाग्य मिला है जिसका संबंध परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद से है, राम उग्रह पांडेय से है। ऐसी वीरों की भूमि को मैं नमन करता हूं। कहा कि आप सबने अपना पुरा जीवन अनुशासित तरिके से राष्ट्र को दिया है। कहा कि जिस तरह से आपने देश की सेवा की उसी तरिके से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में हमलोग भी देश की सेवा कर रहे हैं। कहा कि आज की सरकार आपके द्वारा किए गये प्रत्येक कार्य की कदर करती है।

श्री नड्डा ने कहा कि आपने सिर्फ बार्डर पर ही नहीं, आपदा की हर घड़ी में देशवासियों की सेवा की है इस कारण आज हम सब सुरक्षित है। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में रक्षा क्षेत्र को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अभुतपूर्व कार्य हुए हैं। कहा कि विश्व पटल पर भारत ने साबित कर दिया कि आतंकवाद का हमेशा मुंह तोड जवाब दिया है। कहा कि आतंकवाद की जड़ पाकिस्तान आज दुनिया से अलग थलग पड़ चुका है।

श्री नड्डा ने कहा कि यूपीए सरकार में पनडुब्बी घोटाला, हेलिकॉप्टर घोटाला हुआ। मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भारतीय सैना को आधुनिक हथियारों से लैस किया गया। विदेशों से आयात न कर अपने देश में आधुनिक हथियारों को निर्माण शुरू हुआ। कहा कि पहले हमारे सैनिकों के पास बुलेट प्रूफ जैकेट नहीं थे आज हम बुलेट प्रूफ जैकेट बनाते भी है और दुसरे देशों को देते भी है। सैनिकों के सम्मान में वार मेमोरियल बनाया गया। नेवी के झंडे से अंग्रेजों का प्रतीक चिन्ह हटाकर शिवाजी जी की राजमुद्रा को अंकित किया गया।

श्री नड्डा ने कहा कि सीमा पर सैनिकों को दुश्मन की नापाक हरकतों का जवाब देने के लिए पहले हेडक्वार्टर से अनुमति लेनी पड़ती थी लेकिन अब सरकार ने सैनिकों को छुट दे रखी है कि जहां से भी गोली चले उसे उसी की भाषा में बिना देर किए जवाब दे। कहा कि आज यूपी में डिफेंस कारिडोर बन रहा है। कहा कि पीएम मोदी का मानना है कि फौजी ताकतवर होगा तो ही देश ताकतवर बनता है। कहा कि मोदी पहले प्रधानमंत्री है जो हर वर्ष सैनिकों के साथ दिपावली मनाते हैं। कहा कि पुलवामा की घटना पर पीएम मोदी ने पाकिस्तान से कहा था कि तुमने बहुत बड़ी गलती की है जिसका खमियाजा भुगतना पड़ेगा और कुछ दिनों बाद ही भारत ने सर्जिकल स्ट्राइक की। कहा कि पीएम मोदी की प्रेरणा से मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। हर क्षेत्र में विकास हो रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि जैसे दुनिया के अंदर भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है ऐसे ही गाजीपुर सैना,अर्धसैनिक बल एवं पुलिस बल में सर्वाधिक जवानो को भेजने वाला जनपद है। मातृ भूमि की सेवा के लिए भारतीय जनता पार्टी एवं पीएम मोदी का ध्येय है कि "नेशन फर्स्ट, उसी तरह प्रत्येक सैनिक का ध्येय होता है देश पहले। और इसीलिए आजादी के बाद सैनिकों की जो मांग थी "वन रैंक वन पेंशन उसे पीएम मोदी ने 2014 में सत्ता संभालते ही सैनिकों के सम्मान में पुरा किया। कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार ने सैनिको एवं पूर्व सैनिकों को सरकारी सेवाओं में स्थान देने और रिजर्वेशन के कोटे को बढाने का कार्य किया।

कहा कि पीएम मोदी की प्रेरणा से हमारी सरकार ने देश के सेवा के लिए जिन सैनिकों ने अपना बलिदान दिया, अपने आपको समर्पित किया ऐसे शहिदों को हमारी सरकार में 50 लाख की सहायता राशि देने का कार्य हुआ, उनके परिवार के सदस्यों को सरकारी सर्विस देती है, सैनिकों के सम्मान में स्मारक बनाने का कार्य करती है। कहा कि हर सैनिक के प्रति भारतीय जनता पार्टी और पीएम मोदी सम्मान का भाव रखते है कहा कि डबल इंजन की सरकार आपके साथ सदैव खड़ी है और आपके संवर्धन के लिए हमेशा तत्पर है

कार्यक्रम के प्रारंभ में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सुबेदार मेजर मार्कण्डेय सिंह, कर्नल रणजीत उपाध्याय, मुहम्मद सदरूद्दिन अंसारी, काशीनाथ तिवारी, मुरली सिंह, विजय नारायण सिंह भुवनेश्वर यादव सहित सैकड़ों पूर्व सैनिकों का अंगवस्त्रम एवं बुके भेंट कर स्वागत किया।

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, सांसद सुब्रत पाठक, भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव, एमएलसी विशाल सिंह,सपना सिंह,कर्नल रणजीत उपाध्याय,दयाशंकर पांडेय क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी एवं सह मीडिया प्रभारी संतोष सोलापुरकर,शैलेंद्र मिश्रा,शशिकान्त शर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

संचालन गाजीपुर जिला अध्यक्ष भानूप्रताप सिंह ने किया।

# बसपा सांसद अफजाल ने भाजपा चीफ व मुख्यमंत्री योगी पर साधा निशाना

## कहा –अबकी बार और बुरी तरह हराउंगा'

**बिकास राय ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के खानपुर क्षेत्र के ईशोपुर निवासी जिपं सदस्य कमलेश यादव के घर श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने आए बसपा सांसद अफजाल अंसारी ने गाजीपुर में आए भाजपा अध्यक्ष पर हमला बोला। सड़क हादसे में जान गंवाने वाले आलोक यादव को श्रद्धांजलि देने के बाद सांसद ने कहा कि मुझसे डर के चलते भाजपा अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में आगामी लोकसभा चुनाव अभियान की शुरूआत ही इस बार गाजीपुर की धरती से कर रही है। कहा कि



ये मेरा डर है, जो पूरे देश में वो गाजीपुर से अपने चुनाव अभियान की शुरूआत कर रहे हैं लेकिन इस बार मैं पिछली बार की अपेक्षा और ज्यादा वोटों से भाजपा को हराऊंगा। कहा कि भाजपा गाजीपुर में डर की राजनीति कर रही है। सांसद अफजाल अंसारी ने कहा कि मेरे खिलाफ सीबीआई और ईडी भेजा और जब कुछ नही मिला तो अब राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष और स्वयं मुख्यमंत्री मैदान में उतर गए हैं। उन्होंने कहा कि गाजीपुर की जनता भाजपा के निरंकुश शासन से तंग आ चुकी है। सड़क, बेरोजगारी और किसानों के लाभ की बात न कर इधर-उधर उलझाकर वोट लेने की राजनीति कर रही है। जिसे गाजीपुर सहित पूर्वांचल के लोग सफल नही होने देंगे। इसके बाद वो रवाना हो गए।

# डांटने–फटकारने से नाराज सगे नाबालिग बेटे ने ही की थी मां की सिर कूंचकर हत्या

**बिकास राय ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर। नगर के फुल्लनपुर कॉलोनी में गुरूवार को घर में अकेली महिला की हत्या किसी और ने नहीं बल्कि उसके ही सगे नाबालिग बेटे ने सिर्फ इसलिए कर दी थी क्योंकि वो मां द्वारा बार-बार डांटने से नाराज था। हत्या के बाद वो खुद बाहर गया और कुछ देर बाद वापिस आकर शोर मचाने लगा कि किसी ने उसकी मां को मार दिया है। पुलिस ने जाल बिछाकर उसे पकड़ लिया और फिर उससे सख्ती से पूछताछ की, जिसके बाद उसने सब कुछ कुबूल लिया। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है। मूलतः बिरनो के डांडी कलां निवासिनी सरिता सिंह 40 पत्नी सुरेंद्र सिंह ने 5 साल पूर्व फुल्लनपुर में जमीन खरीदकर यहीं परिवार संग रहती थीं। उसके पति सेना में थे और दो माह पूर्व ही रिटायर होकर घर आए थे। इस बीच गुरूवार की दोपहर सरिता घर में अकेली थी। उसी समय उसके सिर को कूंचकर नृशंसता से हत्या कर दी गई थी। कुछ देर बार नाबालिग बेटा घर आया और बाहर आकर शोर मचाने लगा कि किसी ने उसके मां की हत्या कर दी है। पुलिस ने छानबीन की।

इस बीच पुलिस को जांच में संदेह हुआ, जिसके बाद पुलिस ने जाल बिछाकर महिला के नाबालिग बेटे आदित्य सिंह को पकड़ लिया और थाने ले जाकर सख्ती से पूछताछ की। पता चला कि उसने ही अपने मां की हत्या की है। बताया कि उसकी मां रोज-रोज उसे डांटती फटकारती थीं और पढ़ाई करने के लिए दबाव बनाती थी। घटना में संलिप्त पुत्र के बाबत जैसे ही लोगों को जानकारी हुई, हर कोई अचंभित रह गया कि एक नाबालिग बेटे ने ही अपनी मां को नृशंसतापूर्ण तरीके से मार दिया है। हत्यारोपी आदित्य ने बताया कि वो मां की फटकार से गुस्से में था और गुरूवार को भी उन्होंने डांट दिया।

जिसके बाद वो खुद को रोक नहीं सका और वहीं पड़े सिल के बट्टे से मां के सिर पर 4 बार प्रहार कर दिया। जिसमें मां की मौत हो गई। उसने बताया कि वो मां को मारना नहीं चाहता था लेकिन गुस्से में ज्यादा तेज से किए गए वार के चलते मां की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त पत्थर का बट्टा बरामद कर नाबालिग को थाने ले गई।

# जनपद की समस्त सम्मानित मीडिया के लिए जिला अधिकारी सुहास एल वाई का आह्वान

## 21 जनवरी को नोएडा स्टेडियम में जनपद के महत्वपूर्ण कार्यक्रम जी-20 वाकाथन कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए बनाएं सफल

जिला अधिकारी सुहास एलवाई ने जनपद के समस्त सम्मानित मीडिया बंधुओं का आह्वान करते हुए जानकारी दी है कि उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप ॠ20 सम्मेलन को सफल बनाने के लिए जनपद गौतम बुद्ध नगर में दिनांक 21 जनवरी 2023 को सुबह 8:00 बजे से नोएडा स्टेडियम सेक्टर 21 में जी-20 वॉकाथन ऐतिहासिक कार्यक्रम का जनपद में आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जिलाधिकारी सुहास एलवाई जी की मंशा है कि आयोजित होने वाले इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में समस्त सम्मानित मीडियाकर्मियों के द्वारा भी बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करते हुए

# 21 जनवरी को विशेष लोक अदालत का आयोजन

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो चीफ**

जौनपुर। उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार व जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला प्राधिकरण वाणी रंजन अग्रवाल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आर्बिट्रेशन के निष्पादन याचिकाओं/प्रार्थना पत्रों अन्तर्गत धारा 34 आर्बिट्रेशन एण्ड कोन्शिलिएशन एक्ट 1996 से सम्बन्धित अधिक से अधिक वादों का 21 जनवरी को आयोजित विशेष लोक अदालत में आर्बिट्रेशन के निष्पादन वादों का सुलह समझौतें के माध्यम से निस्तारित होगा। उक्त अवसर पर वादकारीगण आकर आर्बिट्रेशन एण्ड कोन्शिलिएशन एक्ट के अन्तर्गत निष्पादन वादों को सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कराकर लोक अदालत का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। यह जानकारी प्रशान्त कुमार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफ.टी.सी./सचिव पूर्णकालिक जिला प्राधिकरण ने प्रेस विज्ञपित के माध्यम से दी।

# राशन वितरण को लेकर आंगनवाड़ी व सीडीपीओ में हुई जमकर नोक–झोक

## आंगनवाड़ी का बेटा सीडीपीओ को जड़ा थप्पड़, हुआ गिरफ्तार, वीडियो वायरल

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो चीफ**

जौनपुर। केराकत तहसील क्षेत्र के मुफ्तीगंज विकास खंड कार्यालय के कैंपस में उस समय अफरा–तफरी मच गयी जब राशनन बांटने को लेकर सीडीपीओ व आंगनवाड़ी से हुई नोक–झोक मारपीट में तब्दील हो गयी। चचाओं की मानें तो सीडीपीओ व आंगनबाड़ी के बीच राशन बांटने को लेकर विवाद हो रहा था कि सीडीपीओ के बगल खड़े एक युवक ने आंगनबाड़ी को थप्पड़ जड़ दिया। इसको लेकर कार्यालय में हड़कंप मच गया जहां घटना की सूचना होते ही स्थानीय चौकी प्रभारी मौके पर पहुंच गये जिन्होंने किसी तरह से मामले को शांत कराया। इसी बीच घटना की जानकारी आंगनबाड़ी के परिजनों को हुई तो वह कार्यालय पहुँच गये। कार्यालय में बैठीं सीडीपीओ से मामले को लेकर पत्रकारों द्वारा पूछताछ की जा रही थी कि तभी आंगनबाड़ी का बेटा उनके गाल पर थप्पड़ जड़ते हुए गाली–गलौज करने लगा। वहीं मौजूद चौकी प्रभारी एसपी पांडेय ने युवक को पकड़ लिया जिसके बाद उसे केराकत कोतवाली को सौंप दिया। थप्पड़ मारने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से हो रहा है। इस बाबत पूछे जाने पर आंगनबाड़ी ने बताया कि सीडीपीओ के शह पर युवक ने मुझे थप्पड़ मारा है, हर महीने पैसे को लेकर विवाद होता रहता है। सीडीपीओ द्वारा बार–बार धमकी दी जाती है। फिलहाल थाने पर दोनों पक्ष की तरफ से तहरीर दे दी गयी है जिस पर पुलिस जांच में जुट गयी है। वहीं सीपीडीओ का कहना है कि मारने वाले युवक का मैं नहीं जानती हूं। आंगनवाड़ी का आरोप एकदम गलत है।

बुजुर्ग दंपत्ति हत्याकांड का खुलासा में माल समेत चार गिरफ्तार

# कानपुर में अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई में अव्वल आईपीएस विजय ढुल

## सालों के दोस्तों ने दिया था घटना को अंजाम, दो अन्य की भी तलाश जारी

सुनील बाजपेई कानपुर` यहां की कमिश्नरेट पुलिस ने ककवन थाना क्षेत्र के फत्तेपुर में बीती 13 जनवरी की रात को हुए दोहरे हत्याकांड और डकैती का सटीक खुलासा करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो अभी फरार हैं उनकी तलाश की जा रही है।

यही नहीं पुलिस को इस घटना का लूटा हुआ माल भी बरामद करने में सफलता मिली है` वहीं इस बड़ी वारदात का खुलासा करने वाली टीमों को पुलिस आयुक्त ने एक लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा की है।

चार लोगों को जेल भेजने के रूप में इस घटना का सटीक खुलासा करने वाली पश्चिमी पुलिस की कमान आजकल अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों की तत्काल सहायता के लिए भी चर्चित देश प्रदेश के कर्तव्यनिष्ठ और इमानदार आईपीएस अधिकारियों में से एक तेजतर्रार, व्यवहार कुशल और कठोर परिश्रमी जुझारू आईपीएस विजय ढुल के हाथ में है। उनकी कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा पीड़ितों की हर संभव सहायता के साथ ही नौकरी के अब तक के कार्यकाल में अनेक शातिरों सबक सिखाने में भी सफल हो चुकी है।



घटना की गहराई से छानबीन से निकले निष्कर्ष के आधार पर ककवन थाना क्षेत्र के इस बहुचर्चित दोहरे हत्या डकैती कांड का सटीक खुलासा करवाने में पूर्ण रूप से सफल रहने वाले निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के जुझारू आई पी एस डी सीपी पश्चिम विजय ढुल की जहां तक डीसीपी पश्चिम के रूप में चुनौतीपूर्ण नियुक्ति का सवाल है, उसे उनकी कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ और पीड़ितों के हित में अपने कर्तव्य का पालन सदैव निष्ठा और ईमानदारी के साथ करना ही माना जा रहा है। यही नहीं यूपी की पुलिस सेवा में आने के बाद उनके अब तक के कार्यकाल के विवेचन से यह भी साबित होता है कि हालात चाहे जैसे रहे हों लेकिन निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोक-हित की प्रबल विचारधारा वाले सरल और शालीन स्वभाव के भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले लोकहित में अपनी धुन के पक्के जुझारू आई पी एस विजय दुल ने अपनी कर्तव्य के प्रति निष्ठा के साथ समझौता आज तक नहीं किया । इस घटना का मास्टर माइन्ड हिमांशु था वह मृतक के परिवार व राजकुमार एवं उसके परिवार से पूर्व से कई वर्षों से परिचित था।

रात्रि को समय लगभग तीन बजे जब छम्मीलाल और उनकी पत्नी गहरी नींद में सोये थे तब हिमांशु ने अपने साथियों के साथ मिलकर वृद्ध दम्पत्ति की गला घोंट हत्या कर लाखों का माल भी लूट कर फरार हो गये थे` फिलहाल चार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस उनके दो अन्य फरार साथियों की तलाश में भी छापे मार रही है।

# मस्तूरी विधायक ने किया कुनबी समाज के कैलेंडर का विमोचन

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

बिलासपुर ।नववर्ष 2023 व मकर सक्रांति के अवसर पर मस्तूरी विधायक व उप नेता प्रतिपक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी ने ने कुनबी समाज, बिलासपुर के वार्षिक कैलेंडर 2023 का विमोचन किया गया।



इस अवसर पर विधायक बांधी ने रायपुर स्थित द्विमंजिला भव्य भवन के निर्माण कार्य पूर्ण होने पर हर्ष जाहिर करते हुए समूचे कुनबी समाज के उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर मस्तूरी विधायक डॉक्टर बांधी सहित विधायक प्रतिनिधि बीपी सिंह, एसपी सिंह,

रवि बरगाह में कुनबी समाज के अध्यक्ष जिला अध्यक्ष राजेश संडे राजेश संडे रूपनारायण थेर नितिन थेर प्रदीप शिवनकर, महिला मंडल से वंदना थेर, शारदा शेंडे, रिचा हुकरे, तारा शिवनकर, केशव शिंदे कन्हैयालाल जी आशु, राजा ब्राम्हण सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे

### सियान सदन ने किया स्वागत

देवरीखुर्द आगमन पर सियान सदन ने मस्तूरी विधायक डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी का आत्मीय स्वागत किया सियान सदन के पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर मस्तूरी विधायक डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी का अभिनंदन किया इस अवसर पर सियान सदन सीनियर सिटीजन के पदाधिकारी कन्हैयालाल शिवन्कर, बीडी राय, एमएस नारायणा वी बारिक, अप्पा राव, बाबूलाल, केशव शेन्दे श्री नायडू, डीबी बंजारे, श्रीनिवास राव, मधु राव,चेतन सिंह सांसद प्रतिनिधि जुगल किशोर झा, मोनू गुप्ता , विनोद शुक्ला, राजकुमार तिवारी, सतीश पांडे, सहित बड़ी संख्या में सीनियर सिटीजन व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ की एक शिक्षिका बनी "लेडी सिंघम"......

# करती है लोगो की मदद

## समाज सेवा में बिता देती है ज्यादातर समय...कहती

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

बिलासपुर । वैसे हर इंसान अपने आप में एकदम यूनिक होता है...लेकिन कुछ लोग ऐसे होते है जिनकी बात बिलकुल अलग रहती है...मतलब एकदम निराली रहती है उसमे से एक ऐसी महिला भी शामिल है...जो समाज सेवा करके कभी किसी को कहती नहीं है और कभी किसी को यह तक नहीं बोलती है की मैने यह सब किया है...ऐसी है यह महिला जिसे अब "लेडी सिंघम" के नाम से जाना जा रहा है...दरसल यह महिला पेशे से शिक्षिका है...और समाजसेवा करना समाज में रहने वालो की आवाज बनकर सरकार तक पहुंचाना उसकी आदत है....तभी तो प्रदेश के एक जिले के छोटे से गाँव से निकली महिला प्रदेश भर में नाम कमा लेगी यह किसी ने नहीं सोचा था...खैर इसे किस्मत कहे या फिर कुदरत करिश्मा..क्योंकि महिला समाज सेवी तो है ही और लोगो के लिए दिन रात मेहनत करते हुए उनकी मदद करने में कभी पीछे नहीं रहती है...यही कारण है कि समाजसेवी महिला को लोग पसंद करने लगे और जब भी कोई समाजसेवा का कार्य या फिर धार्मिक कार्य जैसे काम होता है तो उस महिला को जरूर याद करते है...गाँव वाले इसलिए लेडी सिंघम कहते है क्योंकि महिला किसी से डरती नहीं और बिंदास बेबाक होकर काम करना जानती है...यही नहीं समाज सेवी महिला अब धीरे धीरे करके गाँव की जन समस्याओ को भी उठाकर निराकरण करने के जुट गयी है...हम आपको अब बता दे की जिस समाजसेवी महिला मतलब "लेडी सिंघम" की बात कर रहे है वह महिला कोई और नहीं बल्कि डॉ.सरिता भारद्वाज है जो मुंगेली जिले के एक छोटे से गाँव जिसका नाम लछनपुर है वहा पर रहती है...और शिक्षिका की नौकरी करती है...चूँकि शुरूवात से गरीबो की सेवा करना और जन समस्याओ को जिले के मुखिया या फिर विधायक और ज्यादा हुआ तो थाने तक जाकर आवाज बुलंद करना रहता है...इसी वजह से उसे "लेडी सिंघम" बोलने लगे...हमने जब "लेडी सिंघम" मतलब डॉ.सरिता भारद्वाज से बात की तो उन्होंने कहा की ऐसी कोई बात नहीं है बल्कि यह लोगो का प्यार है और आशीर्वाद है जिसकी वजह से यहाँ तक पहुंची हूँ....रहा सवाल मदद का तो वह सबको करना चाहिए. क्योंकि मानव सेवा सबसे बड़ी सेवा है...और कभी भी समय मिले तो पीड़ितों की मदद जरूर करना चाहिए...इससे न सिर्फ मन को शांति मिलती है बल्कि बहुत अच्छा लगता है..हमने जब पूछा की आखिर समाज सेवा और गाँव की आवाज को जिला प्रशासन या फिर सरकार तक पहुचाने का क्या मतलब है तो उन्होंने कहा की मुझे वह काम अच्छा लगता है जिसमे खुशी मिलती है...और खुश होकर काम करना मेरी आदत है...इससे उनकी मदद हो जाती है गाँव वालो का काम भी हो जाता है...एक सवाल के जवाब में उन्होंने यह भी कहा की गिरौदपूरी धाम ले जाने का मुख्य उद्देश्य यही रहा की ऐसे कई बुजुर्ग,गरीब परिवार और अन्य लोग है जो सतनामी समाज के प्रमुख तीर्थ स्थल गिरौदपूरी अपने पैसो से नहीं जा सकते...जो आर्थिक रूप से कमजोर थे...उनको दर्शन कराने का सपना देखा था इसलिए उसे पूरा किया गया है...वही उन्होंने यह भी कहा की मेरा उद्देश्य सिर्फ समाज सेवा करना रहता है...ताकि किसी की मदद हो सके...



यही कारण है की जब भी टाइम मिलता है गाँव गाँव जाकर जनता की समस्याओ को सुनकर और समझकर उसका निराकरण किया जाता है....

चूँकि मुंगेली जिला मेरा घर है और यही पर मेरी नौकरी है इसलिए मेरी कोशिश भी यही है की ज्यादा से ज्यादा लोगो की मदद हो सके. आपको बता दे "लेडी सिंघम" ऐसे ही किसी को नहीं कहा जाता है....इसका मतलब साफ है की महिला ने समाजसेवा करते हुए कई गरीब परिवार वालो के लिए मदद के लिए पहले हाथ बढ़ाया है और दुःख हो या सुख....उसमे भी हिस्सेदारी निभाकर अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी अदा की है...जिसके कारण अब मुंगेली में ही नहीं बल्कि प्रदेश भर में यह लेडी सिंघम फेमस हो चुकी है.... बातो बातो में उन्होंने बताया की वह गरीबो की मदद करने में ज्यादा रूचि इसलिए रखती है क्योंकि उसने गरीबी को और गरीब परिवार को बहुत करीब से देखा है...और लोग जीवन यापन कैसे करते है उसे मालूम है...इसलिए जब भी कोई गरीब व्यक्ति उनके पास आता है तो वह बेझिझक मदद करती है...उन्होंने कहा की ईश्वर ने मदद करने के काबिल बनाया है..लोगो के प्यार और आशीर्वाद से यह सब हो रहा है

### सीएम के पिता नन्द कुमार बघेल डॉ.सरिता भारद्वाज को मानते है अपनी बेटीबेटी

आपको बता दे प्रदेश के मुखिया मतलब सीएम के पिता नंद कुमार बघेल डॉ.सरिता भारद्वाज को अपनी बेटी मानते है...और कभी किसी से नहीं कहती की बाबूजी के साथ जुडी हुई हूँ..और बाबूजी को अपना गुरु मानती हूँ....जिनके मार्गदर्शन में काम कर रही हूँ..

# बीस साल तक बुजुर्ग ने पचपेड़ी पुलिस का खूब किया सेवा, अब अपने तनख्वाह पाने को लेकर एसपी ऑफिस के चक्कर काट रहा बुजुर्ग।

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

मस्तूरी। आए दिन सुर्खियों में रहने वाले मस्तूरी क्षेत्र के थाना पचपेड़ी एक बार फिर सुर्खियों में है। मामला है पचपेड़ी थाने में साफ-सफाई व पानी भरने,चाय पानी पिलाने का काम करने वाले बुजुर्गों के तनख्वाह नहीं देने का। मिली जानकारी के अनुसार थाना पचपेड़ी के समिप ही लगे ग्राम पंचायत केवतरा निवासी दाऊ राम जांगड़े पिता तिजराम जांगड़े उम्र 60 वर्ष का व्यक्ति विगत 20 वर्षों से, जब पचपेड़ी पुलिस सहायता केंद्र था आज थाना बन गया है तब से दाऊ राम जांगड़े थाना पचपेड़ी में मुंशी, दरोगा, सिपाही लोगों का खूब सेवा किया है थाने में साफ-सफाई, झाड़ू पोछा, से लेकर चाय पानी पिलाने जैसे सभी काम करता था। अब वह बुजुर्ग हो चुका है। कहकर उसको थाना के साफ सफाई से लेकर अन्य कार्यों से उन्हें अब छुटकारा दे दिया गया है। लेकिन उनके सामने समस्या तब आ गई जब पुलिस वालों ने उसे काम लेना तो बंद कर दिया, लेकिन उनका



5 महीने का तनख्वाह भी नहीं दे रहे हैं। बुजुर्ग ने बिलासपुर एसपी को लिखित में एक पचपेड़ी पुलिस के खिलाफ शिकायत दिया है जिसमें उल्लेख किया है कि उसे दो हजार रुपए प्रतिमाह के हिसाब से काम में लगाया गया था। पहले तो ऐसे तैसे जैसे भी हो उसका तनख्वाह 2 महीने 3 महीने में दे दिया जाता था। लेकिन अभी विगत 5 महीनों से उसको उसका तनख्वाह नहीं दिया गया है जिससे परेशान बुजुर्ग व्यक्ति अब अपनी तनख्वाह पाने बड़े-बड़े पुलिस विभाग के अधिकारियों के कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। और पचपेड़ी पुलिस पैसे देने के नाम पर अब उन्हें सिर्फ तारीख दर तारीख पेशी दे रहे हैं। अब हर कोई जवाबदार मुंशी दरोगा सिपाही अपने अपने जवाबदारी और बातों से पलटी मारते दिख रहे हैं ।जिससे परेशान बुजुर्ग व्यक्ति बिलासपुर एसपी से अपनी मेंहनत की कमाई पाने के लिए गुहार लगाया हैं। अब बिलासपुर एसपी मैडम इस बुजुर्ग व्यक्ति को न्याय दिला पाते हैं या नहीं, या यह बुजुर्ग व्यक्ति ऐसे ही अधिकारियों के कार्यालय के चक्कर काटते रहेंगे यहां बात विचारणीय होगा। वही इस मामले में पचपेड़ी थाना प्रभारी बृजलाल भारद्वाज का कहना है कि वह दिसंबर महीने में पचपेड़ी थाना का प्रभार संभाला है दिसंबर महीने का पेमेंट उसने काम करने वाले इस बुजुर्गों को दे दिया है बाकी पिछले बकाया उसका पेमेंट मिला है या नहीं यह जानकारी में नहीं था। स्टाफ वालों से चर्चा कर बुजुर्गों की समस्या को निपटाने की बात कही है।

# आजादी के 75 साल में महिला के सशक्तिकरण के आयाम,,बिलासा कन्या महाविद्यालय में हिंदी विभाग और उर्दू विभाग के संयुक्त तत्वाधान में

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख के साथ राधेश्याम कोरी की खास रिपोर्ट

बेलतरा - बिलासपुर । विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया ।

उर्दू विभाग की डॉ शाज़िया अली खान ने मुख्य वक्ता डॉ इम्तियाज अहमद अंसारी और जनाब सैयद अब्दुल कादिर का स्वागत किया डॉ अंसारी ने कुरान और हदीस की रोशनी में महिला तालीम को जोर देते हुए स्वतंत्रता के बाद महिलाओं का योगदान बताते हुए उनके इतिहास को दोहराया ।



सैयद अब्दुल कादिर साहब ने अपने वक्तव्य में कहा कि महिला आज के दौर में अपने दायित्व को समझे और बिना रुके सही निर्णय के साथ आगे बढ़े वर्तमान समय महिलाओं को अधिकार प्राप्त है आप अपने अधिकारों को समझे जाने । कार्यक्रम का संचालन जावेद अली ने किया इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस आर कमलेश, डॉ हेमंत पाल धृतलहरे , डॉ वकील , मोहम्मद सलीम खान , हाजी नासीर अली ,शाहिद कुरैशी और महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रही अथितियो का आभार डॉ शाजिया अली खान ने किया।

# कालिंदी स्पात प्रा.लि.ने जन उपयोग के लिए एंबुलेंस को आज मस्तूरी स्वास्थ्य केंद्र को सौंपा

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

मस्तूरी।ग्राम पंचायत कोकड़ी एवं आसपास के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा हेतु कालिंदी स्पात प्रा.लि. ग्राम बेलपान, तह, मस्तुरी जिला बिलासपुर द्वारा प्रदायित एम्बुलेंस को आज स्वास्थ्य विभाग को सौंपा गया।

उद्योग ग्राम पंचायत कोकड़ी के आश्रित ग्राम बेलपान तहसील मस्तुरी जिला बिलासपुर छ.ग. में स्पंज आयरन प्लांट कालिंदी स्पात प्रा.लि. ग्र

स्थापित है। उद्योग द्वारा सीएसआर मद से क्षेत्र के ग्रामवासियों को चिकित्सा सुविधा हेतु एक एम्बुलेंस प्रदाय किया गया है। उक्त एम्बुलेंस को आज दिनांक 20.01.2023 से स्वास्थ्य विभाग द्वारा अपने अधिपत्य में लेकर संचालित एवं रख रखाव



करेंगे, जिससे ग्रामीणों को चिकित्सालय तक आने-जाने में सुविधा हो सके तथा शीघ्रता से स्वास्थ्य लाभ मिल सके. उक्त वाहन का पंजीयन एवं बीमा कंपनी द्वारा किया गया है एवं आगे प्रत्येक वर्ष बीमा कंपनी द्वारा किया जायेगा जिसके लिए समय समय पर कालिंदी स्पात प्रा.लि. को अवगत कराया जाना होगा। कालिंदी स्पात प्रा.लि. के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के उपस्थित में बिलासपुर स्थित सीएमएचओ ऑफिस में मस्तूरी स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ को स्वास्थ्य विभाग के जिला स्तर के अधिकारियों की उपस्थिति में एंबुलेंस संचालन के लिए मस्तूरी स्वास्थ्य केंद्र को सौंपा गया।

# एसीसी ट्रस्ट द्वारा स्कूलों में अध्ययन सामग्री का वितरण एवं 150 मीटर सी सी रोड निर्माण

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

बिलासपुर ।मस्तुरी तहसील में स्थापित होने वाले चिल्हाटी सीमेंट प्रोजेक्ट में एसीसी ट्रस्ट द्वारा विगत दिनों में सरपंच प्रतिनिधि एवं शिक्षकों की उपस्थिति में ग्राम भुरकुंडा विद्याडीह (टांगर, बोहरडीह, गोडाडीह के प्राथमिक विद्यालयों में टाट पट्टी, हरे एवं सफेद बोर्ड का वितरण किया गया ।जिसमें शिक्षको एवं विद्यार्थियों में हर्ष व्याप्त हैं कार्यक्रम के दौरान गोडाडीह सरपंच प्रतिनिधि जगदीश यादव, बोहरडीह सरपंच प्रतिनिधि ताराचंद और शिक्षकों की उपस्थिति में सामग्री वितरण किया गया। मस्तूरी तहसील में स्थापित होने वाले चिल्हाटी सीमेंट प्रोजेक्ट में एसीसी ट्रस्ट द्वारा ग्राम पंचायत विद्याडीह में 150 मीटर का सीसी रोड टंडन पारा,वार्ड नंबर 01 पर रोड का निर्माण किया गया साथ ही गोठान,टंडन पारा,भार्गव पारा पर पुलिया निर्माण कर जल निकासी की व्यवस्था की गई ग्राम पंचायत विद्याडीह



से पारित प्रस्ताव पर एससी ट्रस्ट द्वारा कार्य संपन्न कराया गया। इस कार्य का शिलान्यास मस्तूरी विधायक डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मी भार्गव व अन्य पंच ग्रामीणों की उपस्थिति में कार्य संपन्न कराया गया । एसएससी ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे कार्यों की ग्रामवासी द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा की गई।

# सीईओ ने निरीक्षण में समिति कर्मचारियों से किया वन टू वन चर्चा

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।(21जनवरी)जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट अंतर्गत आने वाली शाखाओं खेरलाजी, रामपायली, डोगरमाली, वारासिवनी का कलेक्टर और बैंक प्रशासक डा. गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में आर.सी. पटले मुख्य कार्यपालन अधिकारी जेएसके बैंक द्वारा पी.जोशी प्रबंधक लेखा के साथ दौरा किया गया। इस दौरान श्री पटले ने शाखा खैरलांजी में पदस्थ शाखा प्रबंधक एस. एल. तुरकर और अधीनस्थ समिति और बैंक स्तर के कर्मचारियों से बकायदा वन टू वन बैंकिंग गीतिविधियो के संबंध में आवश्यक जानकारी ली गई। तत्पश्चात श्री पटले ने दिशा निर्देश भी जारी किए । इधर दूसरी ओर शाखा रामपायली के शाखा प्रबंधक आई.आर. भगत तथा समिति के सभी कर्मचारियों से रिकवरी, डिमांड, ओवर डीयू, कालातीत, अकालातित, साप्ताहिक जानकारी, नवीन खाते खोलने हेतु दिए गए टारगेट की समीक्षा की गई। श्री पटले ने शाखाओं में बैठक के दौरान कहा कि जो समिति ऋण वसूली आदि कार्यों में उत्कृष्ट कार्य करेगी उन्हे जिला स्तर पर पुरस्कृत किया जावेगा। इसी तरह सीईओ श्री पटले ने शाखा डोगरमाली शाखा प्रबंधक ऋषि हरिनखेड़े और वी.पी.मिश्रा शाखा प्रबंधक वारासिवनी के बैंक कर्मचारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सबके सफल प्रयासों से समितियो को कालातीतविहीन की स्थिति में लाया जाएगा। जिसके लिए कार्य योजना तैयार किया जाए।



# महिलाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखने के लिए अभियान

समाज जागरण

बालाघाट।(21जनवरी)मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्राप्त निर्देश पर वीरांगना रानी अवंती बाई शासकीय महाविद्यालय खैरलाँजी में समाज में महिलाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखने और छात्र छात्राओं को इस संबंध में प्रेरित करने के लिए रैली का आयोजन किया गया । जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य श्री के. एल. हिवारे एवं कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती पूनम गुप्ता के निर्देशन में कार्यक्रम संपन्न हुआ । इसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुनीता बहेटवार ने अपनी उपस्थिति दी । आज



के कार्यक्रम में डॉ.उमेश सिंह कुशवाह, श्री एस.के.अब्दुस समीम, डॉ.आशीष नकाशे, श्री बुद्ध वर्धन फुलमारे, श्रीमती रोहिणी देवी पटले, अजय सोनेकर, आरती बहेटवार, सुनील देवारे, आकाश लिल्हारे, दिनेश बनोटे, दुर्योधन बनोटे एवं समस्त छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया ।

# मनरेगा योजना के मजदूरो के हितो से जुड़े मुद्दो को लेकर खंड विकास अधिकारी मोहनलाल गंज को ज्ञापन सौंपा ।ज्ञापन

विवेक कुमार (संवाददाता)

मोहनलाल गंज,लखनऊ। प्रधान संघ संगठन की ओर से शुक्रवार को ब्लाक मे प्रधान संघ के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार सिंह ने मनरेगा योजना के मजदूरो के हितो से जुड़े मुद्दो को लेकर खंड विकास अधिकारी मोहनलाल गंज को ज्ञापन सौंपा ।ज्ञापन मे मनरेगा के तहत जनवरी 2023 से शासन द्वारा बदलाव करते हुऐ मनरेगा मजदूरो को अब मोबाइल द्वारा मानटरिंग ऐप सिस्टम से मजदूरो की सुबह व शाम की उपस्थिति लगाने के साथ ही मोबाइल द्वारो मजदूरो की दोनो पालियो मे मोबाइल द्वारा फोटो भी अपलोड करने के निर्देश दिए है ।जिसका प्रधान संघ संगठन ने



विरोध करते हुए 11 सूत्रीय मांगो का ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि अगर उनकी मांगे न मानी गई तो मनरेगा का काम पूरी तरह बंद करवाते हुए विरोध जताएगें ।उन्होने अपनी मांगो मे कहा कि मनरेगा मे प्रति वर्ष मजदूरों को 100 दिन के काम के बदले अबे उन्हे 200 दिन का काम देने ,जिला पंचायत का वित्तीय बजट काटकर प्रधानो का बजट बढ़ाया जाए एंव प्रधानो को प्राथमिका देते हुए शस्त्र लाइसेंस जारी किए जाए व मनरेगा मजदूरी 213 से बढ़ाकर 400 रुपए की जाय। एवं अस्थाई गौशाला में प्रति पशु 30 से बढ़ाकर 100 रुपए का भुगतान किया जाय सहित कई मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए खंड विकास अधिकारी के माध्यम से प्रधान संघ की मांगो को शासन तक पंहुचाने को कहा।

# मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ पत्रकार श्री राजीव ओझा के पिता के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया

लखनऊः 20 जनवरी, 2023

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने वरिष्ठ पत्रकार श्री राजीव ओझा के पिता श्री शंकर दयाल ओझा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री जी ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

# नगर परिषद अध्यक्ष श्री कृष्ण गुप्ता (राजन ) द्वारा निकाय चुनाव में आवश्यक जानकारी को छुपाने का आरोप

ब्यौहारी। नगर परिषद अध्यक्ष श्री कृष्ण गुप्ता (राजन ) द्वारा निकाय चुनाव में आवश्यक जानकारी को छुपाने का आरोप उज्जवल केसरी द्वारा लगाते हुए माननीय न्यायालय में परिवाद दायर किया गया था । परिवाद की सुनवाई के उपरांत माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायालय ब्यौहारी द्वारा धारा 125 - क लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के आधीन अपराध को संज्ञान में लिया गया है।

## क्या है मामला-

उज्जवल केसरी द्वारा हमारे प्रतिनिधि को बताते हुए माननीय न्यायालय से हुए आदेश की प्रति समाचार को प्रकाशित करने के लिए उपलब्ध कराते हुए बताया गया कि श्री कृष्ण गुप्ता (राजन ) ने नगर परिषद आम निर्वाचन वर्ष 2022 में फॉर्म नंबर 26 का शपथ पत्र प्रस्तुत किया है जिसमें उसके विरुद्ध दर्ज अपराधिक प्रकरण ,आस्तियों एवं दायित्व की जानकारी ना देकर उन्हें छुपाया गया था जो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 125 ए के अंतर्गत दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है जिस कारण मेरे द्वारा माननीय न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया गया था और सुनवाई उपरांत न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा उसे संज्ञान में लिया गया है।

## शपथ पत्र में जानकारी न दिये जाने का आरोप-

उज्जवल केसरी द्वारा बताया गया कि श्री कृष्ण गुप्ता राजन ने चुनाव में रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष निर्देशन पत्र एवं शपथ पत्र प्रस्तुत किया था मध्य प्रदेश राज्य पत्र 533 दिनांक 27-12-19 के अनुसार एक अभ्यर्थी को इस आशय का शपथ पत्र दिया जाना आवश्यक है कि उसके विरुद्ध अपराधिक रिकॉर्ड क्या है उसकी अस्थियां व दायित्व क्या है , शैक्षणिक योग्यता क्या है के बारे में सही व पूर्ण जानकारी देना आवश्यक है किंतु श्री कृष्ण गुप्ता (राजन ) द्वारा जो शपथ पत्र दिया गया है उसमें उसके विरुद्ध लंबित दंडित प्रकरण क्रमांक 482 /16 एवं 105 /19 के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी है। पत्नी श्रीमती रेणुका गुप्ता के नाम से वाहन स्कॉर्पियो एवं स्वयं के नाम की खनिज वसूली 1150000 एवं अधिपत्य से 22 लाख की शासकीये भूमि से बेदखली की कार्यवाही की गई है। स्टेट बैंक से 2500000 ऋण होने आदि की जानकारी शपथ पत्र में नहीं दिया जाकर छुपाया गया था।

# जैतहरी नगर परिषद आम निर्वाचन

## मताधिकार करने मतदाताओं में देखा जा रहा उत्साह

अनूपपुर 20 जनवरी 2023/ नगर परिषद जैतहरी के 15 वार्डों के पार्षद पद हेतु म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आम निर्वाचन कार्यक्रम के तहत शुक्रवार 20 जनवरी को मतदान निर्धारित समय 7 बजे से मॉकपोल उपरांत प्रारम्भ हुआ। जो सायं 5 बजे तक लगातार जारी रहेगा। 15 वार्ड पार्षद पद के लिए 66 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं। जैतहरी के 6 हजार 593 मतदाता नगर सरकार का चुनाव करेंगे। मतदाताओं विषेषकर युवा, दिव्यांग, महिला तथा वृद्ध मतदाताओं में मताधिकार का प्रयोग करने उत्साह देखा जा रहा है। जैतहरी नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए 17 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सोनिया मीना के मार्गदर्षन में मतदान को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष तथा सुचितापूर्ण सम्पन्न कराने के लिए आवष्यक व्यवस्थाओं के साथ ही सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। मध्यप्रदेष राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक श्री अनूप तिवारी तथा प्रषासनिक एवं पुलिस अधिकारी तथा सेक्टर प्रभारी व सेक्टर अधिकारी सतत मतदान केन्द्र व क्षेत्र का लगातार भ्रमण कर जायजा लिया जा रहा है।

# जिपं. सामान्य सभा की बैठक 24 जनवरी को

अनूपपुर 20 जनवरी 2023/ जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक का आयोजन 24 जनवरी 2023 को दोपहर 12:30 बजे जिला पंचायत सभागार अनूपपुर में किया गया है। उक्ताषय की जानकारी देते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभय सिंह ओहरिया ने बैठक में सर्व संबंधितों से उपस्थिति की अपील की है। उन्होंने बताया है कि बैठक में विभिन्न एजेन्डा बिन्दुओं तथा अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय पर चर्चा की जाएगी।

# प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में विद्यार्थियों को दिया गया मार्गदर्शन

अनूपपुर 20 जनवरी 2023/ राज्य शासन द्वारा आगामी माह में आयोजित की जाने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में शासकीय तुलसी महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को कौटिल्य एकेडमी इन्दौर द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए शास-ाकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर के प्राचार्य डॉ. जेके संत ने बताया कि विगत दिवस स्वामी वि-वेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा एवं राज्य वन सेवा परीक्षा और पटवारी परीक्षा की तैयारी के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यशाला में महाविद्यालय के स्नात्कोत्तर और स्नातक अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहकर लाभान्वित हुए। आयोजन को सफल बनाने में कैरियर मार्गदर्षन योजना के प्रकोष्ठ प्रभारी प्रोफेसर विनोद कुमार कोल, आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. देवेन्द्र सिंह बागरी, डॉ. तरन्नुम सरवत ने उल्लेखनीय भूमिका का निर्वहन किया।



# 26 जनवरी को लोक तंत्र का लोक उत्सव सांध्यकालीन कार्यक्रम का होगा आयोजन

## डिण्डौरी के रीना, शैला एवं करमा लोक नृत्य तथा नरसिंहपुर के कलाकार देंगे बुन्देली लोक गायन की प्रस्तुति

अनूपपुर 20 जनवरी 2023/ लोक तंत्र का लोक उत्सव भारत पर्व का आयोजन आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत 26 जनवरी 2023 गणतंत्र दिवस की संध्या पर जिला मुख्यालय अनूपपुर के शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए आयोजन के नोडल अधिकारी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभय सिंह ओहरिया ने बताया है कि स्वराज संस्थान संचालनालय भोपाल द्वारा भारत पर्व पर प्रस्तुति देने हेतु डिण्डौरी के श्री गंगाराम धुर्वे (16 सदस्यीय दल द्वारा) रीना शैला एवं करमा लोक नृत्य की तथा नरसिंहपुर के श्री मुन्ना पेंटर (12 सदस्यीय दल द्वारा) बुन्देली लोक गायन की प्रस्तुति दी जाएगी। उन्होंने जिलेवासियों से लोकतंत्र के लोक उत्सव भारत पर्व के सांध्यकालीन गरिमामय आयोजन में सहभागिता निभाकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# 13 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर 25 जनवरी को आयोजित होगा कार्यक्रम

अनूपपुर 20 जनवरी 2023/ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निदेर्शानुसार 25 जनवरी 2023 को मतदाताओं को जागरूक करने एवं प्रजातंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर एवं मतदान केन्द्र स्तर पर 13 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह ने बताया है कि 13 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस वोट जैसा कुछ नही, वोट जरूर डालेंगे हम विषय वस्तु (थीम) पर केन्द्रित होगा। जिला स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में 25 जनवरी को दोपहर 12:30 से 1:30 तक आयोजित किया जाएगा। आयोजन के दौरान मतदाताओं द्वारा मताधिकार के प्रयोग की शपथ भी ली जाएगी।

# असम करीमगंज जिले निभीया बाजार के निवासी अशोक लाला के निधन से शोक का माहौल।

असम करीमगंज संवाददाता सचिंद्र शर्मा दैनिक समाज जागरणः करीमगंज जिले के निभीया बाजार के निवासी अशोक लाला (41) पिता शंकर लाला बंगलौर में कुछ दिनों से उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं चल रहा था। 18 जनवरी की सुबह 9 बजे उनका निधन हो गया। मानव सेवा ही धर्म हैः बंगलौर में सुरक्षा गार्ड के पद पर कार्यरत थे, उनके निधन की खबर सुनने के बाद असम हेल्प इंडिया ग्रुप ऑफ बंगलौर, के मध्यम्य से परोपकारी विष्णु प्रसाद जी के नेतृत्व में दान के माध्यम से बलराम कॉपोर्रेट सर्विसेज के एमडी भाजपा नेता प्रशांत जी की मदद से आज अशोक लौला के बेंगलुरू पनथुर संवाद द्वारा यह संभव हो पाया और हिंदू धर्म के अनुसार पूरे रीति रिवाज से अंतिम संस्कार पूरा किया गया। 20 जनवरी मानव सेवा ही धर्म हैः बैंगलोर के असम हेल्थ इंडिया ने घोषणा की है कि अशोक लाला की श्राद्ध का खर्चा भी पूरा किया जाएगा। उनके निधन से सभी शोक का माहौल। बेंगलुरु से मणिलाल गोयाला और मान्नन ने संवाददाता सचिंद्र शर्मा से मोबाइल के जरिए इस बात की जानकारी दि.

# जिले में आनंद उत्सव के तहत आयोजित किया जा रहा खेलों का आयोजन

अनूपपुर 20 जनवरी 2023/ राज्य आनंद संस्थान भोपाल के निदेर्शानुसार कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशन तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभय सिंह ओहरिया के मार्गदर्शन में 14 से 28



जनवरी तक ग्राम पंचायत स्तर पर आनंद उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिले के जनपद पंचायत जैतहरी, अनूपपुर, कोतमा तथा पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायतों में प्राथमिक, माध्यमिक व हाईस्कूल के बच्चों की खेल गतिविधियां आयोजित की जा रही है। जिसके तहत 8 से 14 आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं की विभिन्न खेल गतिविधियां आयोजित की गई।



इसमें प्रमुख रुप से खो-खो, जूडो कराते, कुर्सी दौड़, बोरा दौड़, रंगोली प्रतियोगिता, कबड्डी, दौड़ प्रतियोगिता, लोक नृत्य सहित अन्य में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों को इस अवसर पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया। आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, पंचायत पदाधिकारीगण, पंचायत समन्वय अधिकारी, ग्राम पंचायत के सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, विद्यालय के शिक्षक, मोबिलॉइजर सहित ग्रामीण मौजूद थे।

# जैतहरी नगरीय निकाय में निर्विघ्न व शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ मतदान

## *नगर सरकार चुनने जैतहरी के मतदाताओं ने उत्साह के साथ किया मताधिकार का प्रयोग*

### 15 पार्षद पद के विरुद्ध 66 अभ्यर्थियों को मिले मत ईव्हीएम में हुए कैद

### 80.83 प्रतिशत हुआ मतदान

अनूपपुर 20 जनवरी 2023/ जिले के नगर परिषद जैतहरी के 15 वार्ड पार्षद पद के लिए ईव्हीएम से मतदान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सोनिया मीना के कुशल मार्गदर्शन में निर्विघ्न व शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। समाचार लिखे जाने तक सायं 5 बजे तक 80.83 प्रतिशत मतदान की सूचना प्राप्त हुई है। 15 वार्डों के लिए 17 मतदान केन्द्र बनाए गए थे। मतदान मॉकपोल के पश्चात प्रातः 7 बजे से प्रारम्भ हुआ। सुबह से मतदान करने मतदाता धीरे-धीरे अपने घरों से निकले। मतदान का क्रम सामान्य गति से चला। प्रातः 9 बजे तक 14.27 प्रतिशत, प्रातः 11 बजे तक 32.72 प्रतिशत, अपरान्ह 1 बजे तक 51.74 प्रतिशत, अपरान्ह 3 बजे तक 72.70 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। 15 पार्षद पद के विरुद्ध 66 अभ्यर्थियों को मिले मत ईव्हीएम में कैद हो गए। मतदान करने युवाओं, महिलाओं, दिव्यांगों, बुजुर्गों सहित मतदाताओं में मताधिकार का प्रयोग करने खासा उत्साह नजर आया। मतदाताओं ने प्रजातांत्रिक व्यवस्था में मिले मतदान के अमूल्य अधिकार का जिम्मेदारी से निर्वहन किया।

## शांतिपूर्ण, निर्विघ्न मतदान के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने किया सतत भ्रमण

नगर परिषद जैतहरी के आम निर्वाचन को दृष्टिगत रख शांतिपूर्ण, निर्विघ्न मतदान सम्पन्न कराने सम्पूर्ण निर्वाचन क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को चैकस रखा गया था। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक श्री अनूप तिवारी, रिटर्निंग ऑफीसर एवं एसडीएम जैतहरी श्री विजय डेहरिया, सहायक रिटर्निंग ऑफीसर तहसीलदार श्री शषांक शेण्डे, एसडीओपी अनूपपुर सुश्री कीर्ति बघेल, एसडीओपी पुष्पराजगढ़ सुश्री सोनाली गुप्ता, डीएसपी श्री मान सिंह टेकाम, थाना प्रभारी जैतहरी निरीक्षक श्री के.के. त्रिपाठी, सेक्टर प्रभारी व सेक्टर अधिकारी ने मतदान के दौरान सम्पूर्ण निर्वाचन क्षेत्र के साथ ही मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर जायजा लिया गया। मास्टर ट्रेनर हरप्रसाद तिवारी, हेमन्त मिश्रा, एमआई रासदीन भी तैनात रहे।

## 23 जनवरी को होगी मतगणना

नगरीय निकाय जैतहरी के वार्ड पार्षद के आम निर्वाचन के मतों की गणना सोमवार 23 जनवरी 2023 को प्रातः 9 बजे से शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. जैतहरी में की जाएगी। तत्पश्चात निर्वाचन परिणामों की घोषणा की जाएगी।

# योगेंद्र को कोतवाली एवं सुभाष को गोहपारू की कमान

शहडोल। जिला शहडोल पुलिस विभाग द्वारा एएसआई एवं थाना प्रभारियों का स्थानांतरण किया गया है। कोतवाली में पदस्थ प्रभारी संजय जायसवाल को पुलिस लाइन अटैच किया गया है और कोतवाली शहडोल के प्रभारी के पद पर गोहपारू के थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह परिहार को कमान सौंपी गई है वही कोतवाली शहडोल में पदस्थ सुभाष दुबे को गोहपारू थाने की कमान सौंपी गई है। वही अमलाई थाने में पदस्थ उप निरीक्षक उपेंद्र त्रिपाठी को पुलिस लाइन भेजा गया है।

# पेसा एक्ट के तहत सुलखारी एवं जमुड़ी ग्राम में तेंदूपत्ता संग्रहण एवं व्यापार का दिया गया प्रशिक्षण



अनूपपुर 20 जनवरी 2023/ अनूपपुर वन मंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र जैतहरी के ग्राम पंचायत सुलखारी एवं जमुड़ी में मध्यप्रदेश शासन द्वारा पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार)नियम 2022 के अंतर्गत लागू किए गए पेसा कानून के तहत ग्रामसभा का आयोजन किया गया जिसके तहत जमुड़ी में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में वनमण्डलाधिकारी श्री सुशील कुमार प्रजापति तथा उप वन मण्डलाधिकारी श्री के.वी. सिंह ने तेंदूपत्ता संग्रहण एवं व्यापार के संबंध में जानकारी दी। इसी तारतम्य में ग्राम पंचायत सुलखारी में आयोजित ग्राम सभा प्रशिक्षण में तेंदूपत्ता संग्रहण एवं व्यापार हेतु प्रशिक्षण देते हुए उप वन मंडलाधिकारी अनूपपुर के.वी. सिंह एवं जिला यूनियन अनूपपुर के अध्यक्ष श्री राकेश सिंह जनपद जैतहरी के वन समिति के सभापति श्री सोहन सिंह परिक्षेत्र सहायक वेंकटनगर श्री आर एस शर्मा ने तेंदूपत्ता के स-ाखकर्तन कार्य ग्राम सभा निधि के विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई तथा तेंदूपत्ता व्यापार से होने वाले लाभ एवं ग्रामसभा के सशक्तिकरण के संबंध में संग्रहको को अवगत कराया गया इस दौरान दोनों पंचायतों में बड़ी संख्या में तेंदूपत्ता संग्राहक लघु वनोपज संघ जैतहरी की प्रबंधक लक्ष्मी सिंह ग्राम पंचायत सुलखारी की सरपंच श्रीमती शकुंतला सिंह वनरक्षक खोडरी सतीश कुमार बैगा भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# मौसम विभाग ने दी चेतावनी, कहा- उत्तर भारत में है बड़े बदलाव का है पूवार्नुमान

नई दिल्ली. उत्तर भारत के यूपी, दिल्ली, पंजाब और हरियाणा में जारी शीतलहर में तेजी से कमी देखी जा रही है, लेकिन आने वाले हफ्ते में मौसम एक बार फिर बड़ा बदलाव लेने जा रहा है. मौसम विभाग के अफसरों ने कहा है कि अगले हफ्ते से बारिश का दौर शुरू होने जा रहा है जो 26 जनवरी तक जारी रहेगा. दिल्ली में 23 से 26 के बीच बारिश होने की संभावना है.

अधिकारियों ने कहा कि 21 जनवरी को दिल्ली में कुहासा रहेगा , जबकि 22 जनवरी को मौसम सामान्य बना रहेगा और तापमान में भी कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा, लेकिन 23 जनवरी से बादलों की आमद होने और उनके छाए रहने की आशा

### खनन उद्योग का झारखण्ड राज्य की अर्थव्यवस्था में बहुत महत्वपूर्ण योगदान - राज्यपाल

# इंडियन माइन मैनेजर्स एसोसिएशन के 100 व बीसीसीएल की स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने पर आयोजित

## *खनन उद्योग, चुनौतियां और अवसर विषय पर आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यपाल*

(आर एन चौरसिया,वरिष्ठ पत्रकार)

धनबाद, इंडियन माइन मैनेजर्स एसोसिएशन की स्थापना के 100 वर्ष और भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर कोयला नगर स्थित सामुदायिक भवन में ह्यखनन उद्योगः चुनौतियां और अवसरह्व विषय पर आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर राज्यपाल रमेश बैस ने की।

इस अवसर पर उन्होंने इंडियन माइन मैनेजर्स एसोसिएशन को स्थापना के 100 वर्ष और बीसीसीएल को 50 वर्ष पूरे करने पर बधाई व शुभकामनाएँ दी और दोनों संस्थाओं को इस संगोष्ठी के आयोजन के लिए भी बधाई दी।

उन्होंने कहा कि इंडियन माइन मैनेजर्स एसोसिएशन देश में खनन उद्योग की वृद्धि और विकास को बढ़ावा देने में अग्रणी रहा है। संगठन ने भारत में खनन उद्योग को प्रभावित करने वाली नीतियों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उम्मीद करते हैं कि आने वाले अनेक वर्षों तक यह संगठन खनन उद्योग और समुदाय की सेवा करता रहेगा।

उन्होंने कहा बीसीसीएल ने 2022 में अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। यह एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और उन सभी लोगों की कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रतिफल है जिन्होंने वर्षों से इस कंपनी से जुड़कर अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी पालन किया। विगत 50 वर्षों से भारतीय कोयला खनन उद्योग में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड का एक महत्वपूर्ण स्थान रहा है और यह कंपनी देश के विकास में निरंतर योगदान दे रहा है।

खनन समुदाय को एक साथ लाने और महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने और खदान प्रबंधकों तथा खनन पेशेवरों को अपने विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए इंडियन माइन मैनेजर्स एसोसिएशन और बीसीसीएल द्वारा यह सराहनीय पहल है।

उन्होंने कहा खनन उद्योग का झारखण्ड राज्य की अर्थव्यवस्था में बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। धनबाद कोयला खनन के क्षेत्र में पूरे देश में प्रसिद्ध है। इसे देश की कोयला राजधानी भी कहा जाता है। यहां पर कोयले की अनेक खदानों में विभिन्न प्रकार के खनिज पाए जाते हैं। खनन उद्योग अर्थव्यवस्था का एक अनिवार्य भाग है और जरूरी उत्पादों एवं सेवाओं के लिए उपयोग में आने वाली कच्ची सामग्री का महत्वपूर्ण जरिया है। आगे उन्होंने कहा श्रद्धेय अटल



बिहारी वाजपेयी की नेतृत्व वाली सरकार में मुझे खान मंत्री के रूप में काम करने का मौका मिला। मैंने देश की विभिन्न खानों में जाकर वहाँ की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया तथा इस क्षेत्र में काम करने वाले कर्मियों से विभिन्न पहलुओं पर बातचीत भी की। अभी कुछ माह पूर्व मैं पूर्वी सिंहभूम स्थित यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड भी गया और वहाँ की भूमिगत खदान में जाकर वहाँ की गतिविधियों को नजदीक से देखा।

खनन के क्षेत्र में सुरक्षा पर बहुत ध्यान देने की



आवश्यकता है। खनन एक जोखिम भरा पेशा है और काम के दौरान कर्मी सुरक्षित रहें, यह भी सुनिश्चित करना होगा। खनन कार्यों की दक्षता और उत्पादकता में सुधार करने की दिशा में काम करना होगा। इस क्षेत्र में निरंतर नवीनतम तकनीक और उपकरणों का उपयोग करने के आलावा इसमें काम करनेवाले कर्मियों को भी नियमित रूप से प्रशिक्षित करते रहना होगा।

राज्यपाल ने कहा खनन गतिविधियों का पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, पर्यावरण को इसका सबसे ज्यादा दुष्प्रभाव झेलना पड़ता है, जिसमें वनों की कटाई, जल तथा वायु प्रदूषण शामिल हैं। इन प्रभावों को कम करने और पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए खनन कंपनियों को नई तकनीकों पर ध्यान देना होगा।

खनन उद्योग के लिए सामाजिक मुद्दे भी महत्वपूर्ण विषय हैं। खनन उद्योग स्थानीय समुदाय के विकास के लिए काफी फायदेमंद हो सकता है, लेकिन ठीक से प्रबंधित न होने पर पर इसका नकारात्मक प्रभाव भी पड़ता है। खनन गतिविधियां कृषि क्षेत्र को भी प्रभावित करती है। कंपनियों को स्थानीय समुदायों और अन्य हितधारकों के साथ निरंतर संवाद स्थापित करना चाहिए और उनकी जरूरतों और चिंताओं को ध्यान में रखकर सीएस-ाआर के तहत मदद करनी चाहिए।

उन्होंने कहा खनन कंपनियों को सामाजिक दायित्वों के तहत शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में भी ध्यान देने की जरूरत है। शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रमों में निवेश करके हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि आने वाले वर्षों में राज्य और देश के पास कुशल और सक्षम कार्यबल हो। सही नीतियों, निवेश और कुशल कार्यबल के साथ प्राकृतिक संसाधनों की पूरी क्षमता से उपयोग कर अपने देश के लिए स्थायी आर्थिक विकास में भागीदार हो सकते हैं।

बीसीसीएल के सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल , रमेश बैस, धनबाद के सांसद , पशुपतिनाथ सिंह, बीसीसीएल के सीएमडी , समिरन दत्ता, आइएमएमए अध्यक्ष , केएन सिंह, सिंफर के निर्देशक , एके मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

वहीं समारोह से पूर्व राज्यपाल को सर्किट हाउस में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। समारोह के बाद वापस रांची लौटने से पहले भी गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

इस मौके पर उपायुक्त संदीप सिंह, एसएसपी , संजीव कुमार, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, ग्रामीण एसपी श्रीमती रेष्मा रमेशन, अपर समाहर्ता , नंदकिशोर गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी प्रेम कुमार तिवारी, डीएसपी मुख्यालय - 1 श्री अमर कुमार पांडेय, डीसीएलआर श्री सतीश चंद्रा, डीटीओ श्री राजेश कुमार सिंह, ट्राफिक डीएसपी श्री राजेश कुमार सहित तमाम पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद थे।

# सोच को सच कर दिखाओ , पीएन सिंह जीवन का हर पल परीक्षा , सकारात्मक सोचे , सुमन्त कुमार मिश्रा

(आर एन चौरसिया) धनबाद, राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में आर्ट एंड पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें लगभग 250 की संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आने वाले प्रतिभागी को सभागार में एक समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया । समारोह की अध्यक्षता धनबाद के सांसद पी एन सिंह ने की। विद्यालय के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा ने कार्यक्रम की शरुआत की। इस क्रम में उन्होंने मंचासीन अधिकारियों का परिचय भी कराया। प्राचार्य मिश्रा ने कहा कि अपने प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच के कारण आज यह सब संभव हो पा रहा है, वैसे छात्र-छात्राएँ जो परीक्षा में तनाव लेते हैं, उसका परिणाम कभी भी सकारात्मक नहीं हो सकता। अपितु उस तनाव से हम अपने जीवन को भी प्रभावित करते हैं। प्रधानमंत्री के कार्य देश केंद्रित, नागरिक केंद्रित एवं समाज केंद्रित है। 27 जनवरी को प्रधानमंत्री विद्यार्थियों से परीक्षा पे चर्चा करेंगे और परीक्षार्थी तनाव मुक्त कैसे हो, उसके उपाय सुझाएँगे ,उसी कड़ी में आज 20 जनवरी को देशभर में आर्ट एंड पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चे-बच्चियों की छुपी हुई प्रतिभाएँ प्रकट हुई। इससे वह अपने जीवन को और भी उत्कृष्ट बना पाएँगे ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे धनबाद के सांसद पीड्ढएनड्ढ सिंह ने कहा कि मैं सर्वप्रथम राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर को धन्यवाद देता हूँ। जिसने इतने सुनियोजित पूर्वक कार्यक्रम को अंजाम दिया। उन्होंने कहा की केवल दसवीं एवं द्वादश की परीक्षा तनाव मुक्त हो, हमें




यह नहीं मानना चाहिए। जीवन के हर क्षेत्र में आने वाले परीक्षाओं से हमें तनाव रहित गुजरना चाहिए ।कभी-कभी परीक्षा परिणाम के बाद छात्र-छात्राओं में मानसिक तनाव आ जाती है और कई घटनाएँ घटित होती है ।इससे प्रधानमंत्री ने सोचा और ऐसे कार्यक्रम से देश को रूबरू कराया जाय। आज



समय केवल सोचने का नहीं है ,सोच को सच कर दिखाने का है। विद्यार्थियों का मनोबल उनका आत्मविश्वास कैसे बढ़ाया जाए यही संदेश प्रधानमंत्री देना चाहते हैं।भाजपा नेता मानस प्रसून ने अपने उद्बोधन में बच्चों से प्रथम द्वितीय आदि से बचकर जीवन को संवारने के लिए हमेशा तत्पर रहने का मंत्र दिया।

आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मानसी द्वितीय स्थान सारिका एवं तृतीय स्थान शिवम ने प्राप्त किया ।इन तीनों विजेताओं को मंच पर सम्मानित किया गया। वहीं उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र भी दिए गए ।साथ ही साथ सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र भी मंचासीन अधिकारियों द्वारा प्रदान किया गया । पुरस्कृत छात्र छात्राओं में सृष्टि, अंकित, इशांत, प्रियांशु, शुभ, मानसी, रहीमा, , अंचल दीपशिखा, साक्षी, नेहा, सोनम, अभिनव, कंचन, कनक, रंजन, वैष्णवी ,नमन कुमार, आदित्य विकास ,सुमन एवं ऋषभ गुप्ता, प्रभाकर, स्वाति, परी ,रानी, पूर्णिमा, प्रेम , छवि, अदिति एवं श्रीजा ओम को उत्कृष्टता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया ।

कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान, सचिव संजीव अग्रवाल ,प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा ,कार्यक्रम के संयोजक मानस प्रसून, नितिन भट्ट ,मिल्टन पार्थसारथी, रमा सिन्हा ,अमलेश सिंह, चंद्रशेखर मुन्ना,तमाल राय ,शशि प्रकाश ,प्रभारी प्रतिमा चौबे ,कमल नयन एवं पार्थ सारथी सरकार के अलावा शिक्षक-शिक्षि-ाकाएँ उपस्थित थे । निर्णायक की भूमिका विद्यालय के कला शिक्षक मनोज कुमार साव ,रूमा मित्रा एवं विनय नारायण राय ने निभाई। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन चंद्रशेखर सिंह ने किया एवं मंच संचालन विद्यालय के वरिष्ठ अंग्रेजी शिक्षक विनय नारायण राय ने की।

## शोषितों-पीड़ितों की लड़ाई लड़ने वाले महानायक थे शरद यादव : डॉ. अशोक कुमार

मधेपुरा कॉलेज, मधेपुरा में शुक्रवार को महाविद्यालय के संस्थापक प्रधानाचार्य डॉ. अशोक कुमार की अध्यक्षता में सामाजिक न्याय के पुरोधा, मधेपुरा के पूर्व सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री शरद यादव के निधन पर शोकसभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर डॉ. भगवान कुमार मिश्रा, प्रो. मनोज भटनागर, प्रो. ब्रजेश मंडल, प्रो. विनय झा, प्रो. चन्देश्वरी यादव, प्रो. कामेश्वर यादव, प्रो. ब्रजेश कुमार राय, प्रो. शशिशेखर आजाद, प्रो. अरविन्द यादव, प्रो. रूपम कुमारी, प्रो. रीना सिन्हा, कुमारी किरण, प्रो. अभय कुमार, प्रो. गजेंद्र नारायण यादव, प्रो. शुभेंदु सिन्हा, तरुण कुमार, कमल किशोर, सौरव कुमार, संजय यादव सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

इस मौके पर संस्थापक प्रधानाचार्य



डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि शरद यादव भारतीय राजनीति के क्षितिज पर पांच दशकों तक चमकते रहने वाले और शोषितों-पीड़ितों की लड़ाई लड़ने वाले महानायक थे। विचारों और मुद्दों के लिए वे अंतिम सांस तक लड़ते रहे। देश की राजनीति की दिशा बदलने वाले मंडल कमीशन को लागू करवाने में उन्होंने ऐतिहासिक भूमिका निभाई थी। मधेपुरा में विकास की इबारत लिखने और देश-दुनिया में इसकी प्रतिष्ठा बढ़ाने में उनके योगदान के लिए मधेपुरावासी उन्हें कभी नहीं भूलेंगे। कोसी का यह इलाका मंडल मसीहा शरद यादव का हमेशा ऋणी रहेगा।

शोकसभा में उपस्थित सभी लोगों ने शरद यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें नम आँखों से याद किया और उनके राजनीतिक एवं सामाजिक अवदान की चर्चा की।

## वाई एन पी डिग्री कॉलेज रानीगंज परीक्षा केन्द्र पर कदाचारमुक्त सम्पन्न हुई डिग्री पार्ट वन की परीक्षा

### दोनों पालियों में अंतिम दिन कुल परीक्षार्थी 445 हुए सम्मलित

रानीगंज । पूर्णिया विश्वविद्यालय , पूर्णिया के अधीनस्थ वाई एन पी डिग्री कॉलेज रानीगंज परीक्षा केंद्र पर डिग्री पार्ट 1ऑनर्स की अंतिम दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में कदाचारमुक्त सम्पन्न हुई ।सहायक केंद्राधीक्षक डॉ नूतन आलोक ने बताया कि दोनों पालियों में कुल परीक्षार्थी 445 सम्मलित हुए । आज ग्रुप सी आनर्स - मनोविज्ञान, दर्शनशास्त्र, संगीत, हिंदी, अंग्रेजी, गृहविज्ञान, समाजशास्त्र तथा ग्रुप डी आनर्स - इतिहास, उर्दू , फारसी ,संस्कृत , मैथिली , बँगला , गाँधीविचारधारा की परीक्षा हुई । केंद्राधीक्षक सह प्रधानाचार्य डॉ अशोक कुमार आलोक ने बताया कि पूर्णिया विश्वविद्यालय , पूर्णिया के कुलपति प्रोफेसर डॉ राजनाथ यादव के आदेशानुसार परीक्षा नियंत्रक प्रो



विनय कुमार सिंह ने एम एल डी पी के यादव कॉलेज अररिया का परीक्षा केंद्र वाई एन पी डिग्री कॉलेज , रानीगंज में निर्धारित किया है । विश्वविद्यालय द्वारा प्रतिनियुक्त प्रेक्षक प्रो मो वसी अहमद केंद्राधीक्षक डॉ अशोक कुमार आलोक , सहायक केंद्राधीक्षक डॉ नूतन आलोक कदाचारमुक्त परीक्षा के लिए प्रत्येक कक्ष में सघन जांच करते दिखे । परीक्षा के सफल संचालन में डॉ नूतन आलोक, प्रो सूयार्नंद सिंह , परीक्षा नियंत्रक सैफुल इस्लाम , सहायक परीक्षा नियंत्रक प्रो सुरेश प्रसाद यादव , प्रो बुद्धिनाथ सिंह , प्रो मनोज अम्बष्ठ , प्रो प्रमोद कुमार यादव ,प्रो सुभाष सिंह , प्रो नवल सहाय , प्रो शैलेन्द्र यादवेन्दु , प्रो हजारी सिंह , अभिषेक अमित ,प्रो अजय कुमार , रितेश राज , पृथ्वीचंद यादव आदि सक्रिय थे ।

## महाराणा प्रताप जी के जयंती को लेकर सुमन कुमार सिंह कर रहे हैं जन संपर्क अभियान

### 23 जनवरी को पटना के मिलर स्कूल के मैदान में होगा भव्य आयोजन

मधेपुरा। महाराणा प्रताप जी के जयंती समारोह 23 जनवरी को पटना के मिलर स्कूल के मैदान में मनाया जाएगा इसके लिए सुमन कुमार सिंह जदयू किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मधेपुरा जिले के विभिन्न गांव के हर व्यक्ति से संपर्क कर रहें हैं ।शाहपुर गांव में पत्रकार वार्ता के



दौरान सुमन नें महाराणा प्रताप जी के पुण्य तिथि में सभी लोगों को जानें का न्योता भी दिया । भ्रमण के कर में वे वेलो गांव में श्री अमन सिंह,रोशन सिंह जी से मुलाकात किया एवं मुरलीगंज प्रखंड के सखुआ गांव में इस दौरान उनके साथ में श्री साकेत सिंह,रोशन सिंह, सुमन कुमार,राजीव जी,सतोष सिंह,दिनेश सिंह एवं सभी सम्मानित लोग भी मौजूद थे।

## डॉ.बी एन विवेका की अध्यक्षता में संपन्न हुई प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र परामर्शी समिति की बैठक

मधेपुरा । प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र,बी एन एम यू मधेपुरा में परामर्शी समिति की बैठक केन्द्र के निदेशक सह बी एन एम यू के कुलानुशासक डाक्टर बी एन विवेका की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी श्री रामकृपाल प्रसाद एवं प्रोफेसर ललन



प्रसाद आद्री ने भाग लेकर शैक्षणिक एवं विकासात्मक मुद्दों पर अपने बहुमूल्य विचारों को रखा। नामांकित छात्र छात्राओं की पूरजोर उपस्थिति पर बल दिया गया तथा केंद्र के प्रचार प्रसार को भी शैक्षणिक संस्थानों तक ले जाने की बात रखी गई। जिला कल्याण पदाधिकारी के सुझाव के अनुरूप प्रशिक्षण केन्द्र को सजाने तथा राज्य सरकार की मंशा को भी छात्र छात्राओं तक भलिभांति पहुंचाने का निर्णय सर्व सम्मति से लिया गया। आने वाले दिनों में यह केन्द्र छात्र छात्राओं के लिए सहयोगी और उपयोगी बनेगा ,इस उम्मीद और विश्वास के साथ बैठक सम्पन्न की गई।

## 28 जनवरी को नगर परिषद अररिया के सामान्य बोर्ड की बैठक में शवदाह गृह मामले को रखा जाएगा- विजय मिश्र

### *लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग अररिया को 72 घंटे के अंदर, संबंधित भूमि का अनापत्ति प्रमाण पत्र की मांग की गई है*

नगर परिषद के मुख्य पार्षद विजय कुमार मिश्र ने कहा कि हमने अपने प्रतिज्ञा पत्र में शवदाहगृह को अपनी प्राथमिकता बताया था , इसी कड़ी में शपथ ग्रहण के तदोपरांत वार्ड 23 स्थित शवदाहगृह का निरीक्षण करने के उपरांत इसके जीर्णोद्धार की बात कही लेकिन नगर परिषद अररिया के कार्यपालक पदाधिकारी के प्राप्त सूचना के मुताबिक इस शवदाहगृह का निर्माण लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग अररिया के सौजन्य से किया गया था जिसकी रखरखाव की जिम्मेदारी नगर परिषद अररिया को



दी गई थी । हाल के मामलों में पता चला कि अंचल कार्यालय अररिया द्वारा उक्त जमीन का किसी निजी व्यक्ति के नाम से दाखिल खारिज कर दिया गया है । मामले की जानकारी देते हुए आज मेरे निर्देश पर कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद द्वारा, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग अररिया को 72 घंटे के अंदर, संबंधित भूमि का अनापत्ति प्रमाण पत्र की मांग की गई है । नगर परिषद क्षेत्र के विकास के मद्देनजर आगामी 28 जनवरी को नगर परिषद अररिया के सामान्य बोर्ड की एक बैठक आहूत की जाएगी जिसमें शवदाहगृह को पहली प्राथमिकता दी जाएगी।

## फाइलेरिया का कोई इलाज नहीं, प्रभावित अंगों की समुचित देखरेख जरूरी

### *पीएचसी अररिया में फाइलेरिया मरीजों के बीच एमएमडीपी किट वितरित*

अररिया । फाइलेरिया मरीजों को नियमित उपचार की जरूरत होती है। इसका कोई समुचित इलाज तो नहीं है। लेकिन प्रभावित अंगों की समुचित देखरेख से रोग को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। केंद्र सरकार ने वर्ष 2030 तक देश को फाइलेरिया से मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। लिहाजा रोग प्रबंधन व संक्रमित व्यक्तियों के इलाज व उचित चिकित्सकीय परामर्श को लेकर हर स्तर पर जरूरी प्रयास किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में पीएचसी अररिया में फाइलेरिया मरीजों के लिये विशेष शिविर का आयोजन किया गया। पीएचसी प्रभारी डॉ जावेद की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में मरीजों को रोग प्रबंधन के तौर-तरीकों से अवगत कराते हुए आधा दर्जन से अधिक मरीजों के बीच एमएमडीपी किट का वितरण किया गया। इसमें एक टब व मग के साथ कॉटन बंडल, तौलिया, डेटॉल साबुन व एंटीसेप्टिक दवा दिया गया।

पीएचसी प्रभारी डॉ जावेद ने बताया कि फाइलेरिया मरीजों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क दवा व चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समय पर रोग का पता चलने से इसे रोका जा सकता है। संक्रमित मरीजों को प्रभावित अंगों की समुचित देखभाल की जरूरत होती है। इससे रोग को जटिल होने से काफी हद तक रोक पाना संभव है। इस पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर सरकार द्वारा साल में एक बार सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम भी चलाया जाता है।



लगातार पांच साल तक दवा सेवन से फाइलेरिया के खतरों से हमेशा के लिये निजात पाना संभव है। रोग पर प्रभावी नियंत्रण में फाइलेरिया सपोर्ट नेटवर्क के सदस्य महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं.

शिविर के दौरान सहयोगी संस्था के प्रतिनिधि द्वारा रोगग्रस्त मरीजों को प्रभावित अंगों की समुचित देखरेख की तकनीक से अवगत कराया गया। बताया गया कि फाइलेरिया संक्रमित होने पर व्यक्ति को हर महीने एक-एक सप्ताह तक तेज बुखार, पैरों में दर्द, जलन के साथ बेचैनी, त्वचा में लालीपन की शिकायत होने लगती है। एक्यूट अटैक के समय मरीज को पैर को साधारण पानी में डुबाकर रखना चाहिए या भीगे हुए धोती या साड़ी को पैर में अच्छी तरह लपेटना चाहिए। इससे उन्हें काफी हद तक राहत मिलती है।

**प्रखंड क्षेत्र में फाइलेरिया के कुल 267 मरीज**

प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक खतीब अहमद ने बताया कि अररिया प्रखंड क्षेत्र में फाइलेरिया संक्रमित मरीजों की संख्या 267 के करीब है। इसमें हाथीपांव के 217 व हाइड्रोसिल के कुल 50 मरीज हैं। अगस्त से दिसंबर माह के बीच सहयोगी संस्थाओं की मदद से कुल 102 नये मरीज चिह्नित किये गये हैं। उन्होंने बताया कि हाइड्रोसिल मरीजों के ऑपरेशन के लिए विभागीय स्तर से नियमित अंतराल पर शिविर आयोजित किया जाता है। हाथीपांव से जुड़े मामलों में रोग पर प्रभावी नियंत्रण, संक्रमितों के समुचित चिकित्सकीय देखरेख के साथ जरूरी दवा व परामर्श स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। कार्यक्रम में बीसीएम सरवर आलम, बीएएम मनीष कुमार, वीवीडीसी दिव्या झा, सीएफआर की डीसी खुशबू कुमारी, बीसी ओमप्रकाश, केयर इंडिया के निसार अहमद, मन्टू कुमार सागर, विक्की कुमार सहि सहित सहयोगी संस्था के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## कैंप तथा बाहरी सीमा चौकियों में एसएसबी नें चलाया स्वच्छता का विशेष अभियान

अररिया । 52 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया के कमांडिंग अधिकारी श्री बृजेश सिकरवार के दिशा निर्देशन में अररिया एसएसबी कैंप तथा बाहरी सीमा चौकियों में स्वच्छता का विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें शुक्रवार को एसएसबी जवानों ने झाड़ू और डस्टबिन लेकर जगह-जगह साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया,



इस अवसर पर कमांडिंग अधिकारी बृजेश सिकरवार ने कहा कि अपने कार्य क्षेत्र के अंदर विभिन्न माध्यमों और कार्यक्रमों से अपने बलकर्मियों व आसपास मे रह रहे स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि सभी जगह पर स्वच्छ माहौल हो और बीमारी से बचा जा सके , जिसके लिए एसएसबी लगातार प्रयासरत है।

## कम उम्र के बच्चों को टीबी संक्रमण का खतरा अधिक

अररिया । टीबी एक गंभीर संक्रामक बीमारी है। यह किसी भी उम्र के लोगों को हो सकता है। इससे छोटे उम्र के बच्चे भी प्रभावित हो सकते हैं। बच्चों में होने वाला टीबी का संक्रमण वयस्कों की तुलना में अलग होता है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की मानें तो सही समय पर संक्रमण की पहचान व समुचित इलाज से टीबी की बीमारी पूरी तरह से ठीक हो सकती है। बच्चों के मामले में ये और भी जरूरी होता है। छोटे उम्र के बच्चों को टीबी संक्रमण के खतरों से बचाने के लिये बीसीजी का टीका लगाया जाता है। जो सभी सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क है। टीकाकरण के बाद बच्चों के टीबी रोग से संक्रमित होने का खतरा काफी कम हो जाता है। इतना ही नहीं, टीबी संक्रमित बच्चे व वयस्कों की जांच से लेकर इलाज तक का सरकारी पर निःशुल्क इंतजाम है। सरकार टीबी संक्रमित मरीजों को जहां जरूरी दवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराती है, वहीं मरीजों के बेहतर पोषण के लिये निक्षय पोषण योजना के तहत पांच सौ रुपये प्रति माह



सरकारी सहायता भी उपलब्ध कराती है।

**बच्चों में फेफड़ों से जुड़े होते हैं टीबी के अधिकांश मामले**

जिला यक्ष्मा रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ वाईपी सिंह ने बताया कि टीबी माइक्रोबैक्टेरियम ट्यूबरक्लोसिस नामक जीवाणु की वजह से होता है। बच्चों में टीबी के अधिकांश मामले फेफड़ों से जुड़े होते हैं। टीबी के संक्रमण से बच्चों के बचाव के लिये घर के आसपास लंबे समय से खांसी व बुखार से पीड़ित लोगों के संपर्क से उन्हें दूर रखें। ऐसे व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल में जांच व इलाजकी सलाह जरूर दें। व्यक्तिगत स्वच्छता का ध्यान व संतुलित आहार के सेवनके साथ-साथ मास्क का उपयोग टीबी संक्रमण से बचाव का महत्वपूर्ण जरिया है।

**ऐसे करें बच्चों का टीबी से बचाव**

***- अपने बच्चे को गंभीर खांसी से पीड़ित लोगों से दूर रखें***

***- टीबी से बचाव के लिये बीसीजी सहित अन्य जरूरी टीका जरूर लगवायें***


***- टीबी के लक्षण दिखने पर नजदीकी अस्पताल में बच्चे की जांच करायें***

***- टीबी संक्रमण से बचाव के लिये व्यक्तिगत स्वच्छता व पौष्टिक आहार लें***

## जीएमसीएच ओपीडी में भी कैंसर की जांच

### *अबतक मिले हैं 50 संदेहास्पद मरीज, 01 कन्फर्म केस हुआ है दर्ज*

पूर्णिया । कैंसर जैसी भयावह बीमारी भी अब लाइलाज नहीं है। अगर समय पर जांच और पहचान हो जाए तो इसका इलाज संभव है। इसी आलोक में कैंसर के संभावित मरीजों की समय पर जांच करने और कैंसर ग्रसित होने पर आवश्यक इलाज उपलब्ध कराने के लिए राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय व अस्पताल के ओपीडी स्थित रूम नम्बर 16 में कैंसर स्क्रीनिंग सेंटर संचालित किया जा रहा है। स्क्रीनिंग सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच और चिकित्सकीय सहायता प्रदान की जा रही है। कैंसर स्क्रीनिंग सेंटर में 02 चिकित्सक (महिला एवं पुरूष), 02 नर्सिंग स्टाफ, 01 पेशेंट नेविगेटर, 01 डाटा एंट्री ऑपरेटर व 01 मल्टीटास्किंग स्टाफ उपलब्ध हैं। कैंसर स्क्रीनिंग सेंटर की डीटीओ डॉ. हर्षिता चौहान ने बताया कि राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय व अस्पताल (जीएमसीएच) में तीन प्रकार के कैंसर की जांच सुविधा उपलब्ध है। ज्यादातर लोग इन्ही तीन प्रकार के कैंसर से ग्रसित पाए जाते हैं- मुँह का (ओरल) कैंसर, स्तन (ब्रैस्ट) कैंसर एवं गर्भाशय मुख



(सर्वाइकल) कैंसर। उन्होंने बताया कि अलग अलग तरह के तम्बाकू जैसे गुटखा, खैनी, गुल्ल आदि का सेवन किसी भी व्यक्ति (महिला या पुरूष) के ओरल कैंसर से ग्रसित होने का कारण बनता है। वहीं महिलाओं की बढ़ती उम्र, स्तन कैंसर का परिवारिक इतिहास (माँ, बहन, मौसी को हुआ कैंसर), छोटी उम्र में पहला मासिक का होना, पहला प्रसव 30 साल की उम्र के बाद होना, कोई बच्चा न होना, महिलाओं द्वारा अपने बच्चों को दूध न पिलाना, देर से मासिक का रुकना, मद्यपान करना, हार्मोनल इलाज लेना स्तन कैंसर के कारण होते हैं। गर्भाशय मुख (सर्वाइकल) कैंसर के कारणों में लैंगिक गतिविधि की जल्द शुरूआत, छोटी उम्र में विवाह, 20 साल की उम्र से पहले गर्भधारण, थोड़े समय के अंतर पर बहुत बार गर्भवती होना, जननांगों की अच्छी सफाई न होना, जननांग नली संक्रमण खासकर ह्यूमन पापिलोमा वायरस (एचपीभी) संक्रमण, तम्बाकू की लत आदि हो सकता है। इसके लक्षण दिखाई देने पर तत्काल कैंसर स्क्रीनिंग सेंटर पर आकर जांच करवानी चाहिए।

डॉ. हर्षिता ने बताया कि जांच के बाद अगर व्यक्ति कैंसर ग्रसित पाया जाता है तो उन्हें बेहतर इलाज के लिए होमिभाभा कैंसर अस्पताल व रिसर्च सेंटर (एचबीसीएच) के साथ देश के अन्य कैंसर विशेषज्ञ अस्पताल में भेजा जाता है जहां लोगों का बेहतर इलाज कराया जाता है।

## मोहनपुर स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित फुटबॉल टूनार्मेंट का हाजी शाद अहमद बबलू नें किया उद्घाटन

अररिया । रामपुर मोहनपुर में शुक्रवार दिनांक 20 जनवरी 2023 को मोहनपुर स्पोर्ट्स क्लब द्वारा विशाल फुटबॉल टूनार्मेंट का मुख्य अतिथि जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष सह अररिया बस्ती पंचायत के लोकप्रिय मुखिया हाजी शाद अहमद बबलू नें फीता काटकर उद्घाटन किया ।इस मौके पर



जनाब बबलू नें खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया ।इस मौके पर फैसल जावेद यासिन, इम्तियाज अनीस लड्डू, असद कमाल तारा, बिन्नी रेजा, उजैर आलम ,मोहतशिम अखतर सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे ।

## पनोरमा हाईट कैम्पस में आयोजित घरवास के मौके पर निरंजन आर्या के घर पहुंच संजीव मिश्रा नें दिया शुभकामनाएं

पूर्णियां । जिला प्रमंडल मुख्यालय के बाय पास रोड स्थित कल रात पूर्णियां के बैलोरी स्थित पनोरमा हाईट निवासी शुभेच्छु श्री निरंजन आर्या जी के गृह प्रवेश कार्यक्रम के अवसर पर आयोजित स्वरूचि भोज में पनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा



शामिल हुए। इस मौके पर उनके परिजनों से भी उनकी भेंट-मुलाकात हुई ।घरवास पर उन्हौनें गृहपति को शुभकामनाएं दी ।

## शांति भोज में राजनीतिक दिग्गजों का बेलबाड़ी में होगा जुटान

### *भाजपा नेता रंजीत यादव के पिता श्री के सम्पिंडन कार्यक्रम आज*

पलासी । राजनीति के मंजे खिलाड़ी जोकीहाट विधानसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी रहे युवा दिलों के धड़कन भाई रंजीत यादव के अवतरण स्थली पलासी ब्लॉक के बेलबाड़ी गांव में उनके पूज्य पिताजी के द्वादशा कर्म के मौके पर आयोजित शोक सभा एवं शांति भोज में दलगत भावनाओं से उपर उठ कर हजारों की संख्या में जहां आली पाली से लोग जुटेंगे ।वहीं राजनीति के दिग्गज लोग भी




सीमांचल एवं महानगर से आएंगे ।फ्रेंडस ऑफ रंजीत टीम के प्रो रंजन ठाकुर,पंडित अमोद झा एवं गौरव सौरव नें बताया कि सारी तैयारी पूरी कर ली गई है ।ठहरने एवं भोज की भी व्यापक व्यवस्था की गई है ।

## नहीं रहे महर्षि मेँहीं नगर शिवपुरी के डॉ.चंद्र भूषण दास

### *शिवपुरी में शोक,2022 में उनके एकलौता पुत्र एवं बड़े भाई का भी निधन हो गया था*

अररिया । रानीगंज प्रखंड क्षेत्र में बच्चा डॉ के नाम से ख्याति प्राप्त बेतौना निवासी चन्द्र भूषण दास हाल निवासी अररिया शिवपुरी परलोक सिधार गए ।पिछ्ले वर्ष उनके एकलौता पुत्र डॉ भास्कर वर्मा का भी निधन हो गया था ।पुत्र वियोग में वे बिमार चल रहे थे ।पटना के एक नर्सिंग होम में उनका निधन हो गया ।वे अपने पीछे शिक्षिका पत्नी दो पुत्री और नाती-पोता से भरा परिवार पीछे छोड़ गए हैं ।ग्रामीण इलाकों में उनकीं निधन की खबर से लोगों और मरीजों के बीच शोक व्याप्त है ।बता दें कि डॉ



चन्द्र भूषण संतमत के अनुयायी थे ।सत्संगियों के बीच वे आचार्य चन्द्रेश के नाम से चर्चित थे तो चित्रांश परिजन के बीच बाबा के नाम से मशहूर थे ।उनके निधन पर सांसद प्रदीप कुमार सिंह,मुख्य पार्षद विजय कुमार मिश्रा ,उप मुख्य पार्षद गौतम साह,एस डी एम ग्रुप के संस्थापक संजय मिश्रा,वार्ड पार्षद दीपा आनंद ,समाजसेवी अविनाश आनंद सहित वर्मा परिवार से जुड़े लोगों नें गहरी संवेदना प्रकट की है ।उनके पार्थिव शरीर पटना से अररिया निवास शनिवार को पहुंच जाएगा ।इधर वार्ड वासियों नें कहा कि एक साल के अन्दर विपत्ति का पहाड़ टूट गया ।दिवंगत के बड़े भाई बिन्दु भूषण दास का भी पिछ्ले वर्ष निधन हो चुका है ।लोगों एवं परिजनों नें दिवंगत आत्मा कि शान्ति एवं परिजनों दुख सहने की शक्ति प्रभु से किया है ।

## निवेश अनुकूल है यूपी का माहौल -श्री आशीष पटेल प्राविधिक शिक्षा के क्षेत्र में निवेश संभावनाओं को लेकर निवेशकों के साथ की गई परिचर्चा

### *यूपी के विद्यार्थियों को प्रदेश में ही सर्वश्रेष्ठ तकनीकी शिक्षा मिलने के लिए कार्य करें निवेशक प्राविधिक शिक्षा में 5000 करोड रुपये लक्ष्य के सापेक्ष 3034 करोड़ रुपये के निवेश का हुआ एमओयू*

उत्तर प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा, उपभोक्ता संरक्षण एवं बांट माप मंत्री श्री आशीष पटेल की अध्यक्षता में शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग (निर्माण भवन) के विश्वेश्वरैया सभागार लखनऊ में उत्तर प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों को लेकर प्राविधिक विभाग के साथ जुड़े उद्योगों, शैक्षणिक समूहों स्टार्टअप इनक्यूबेटर व अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों के प्रमुख निवेशकों के साथ एक परिचर्चा आयोजित की गई।

इस दौरान श्री पटेल ने निवेशकों को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व तथा मुख्यमंत्री योगी जी के कुशल संचालन में उत्तर प्रदेश ह्यह्यईज ऑफ डूइंगह्लह्ल में उत्कृष्ट स्थान पर रहकर भारत का ग्रोथ इंजन बन रहा है। उ0प्र0 सरकार ने 05 वर्षों (2022-27) की अवधि में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वर्तमान स्तर 0.254 खरब डालर से 01 ट्रिलियन डालर तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य की पूर्ति हेतु शासन द्वारा प्रदेश स्तर पर इन्वेस्ट यूपी नाम से एक विशिष्टि इकाई स्थापित की गई है तथा लक्ष्य की पूर्ति से सम्बन्धित कार्ययोजना को तैयार करने व उसके अनुरुप कार्यवाहियां सम्पादित करने के दृष्टिगत डेलॉयट इंडिया को कन्सलटेंसी एजेंसी नियुक्त किया है।

श्री पटेल ने बताया कि प्राविधिक शिक्षा विभाग हेतु प्रदेश सरकार ने 5000 करोड़ रुपये का निवेश लक्षित किया गया है, जिसकी पूर्ति हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक कुल 149 इन्वेस्टर द्वारा प्राविधिक शिक्षा विभाग से जुड़े




विभिन्न संस्थानों, स्टार्ट-अप्स एवं उद्योगों के माध्यम से 3034 करोड रुपये के प्राप्त निवेश प्रस्ताव पर एमओयू किया गया है। उन्होंने प्राविधिक शिक्षा में निवेश करने के इच्छुक निवेशकों से अपील करते हुए कहा कि यूपी के विद्यार्थियों को प्रदेश में ही सर्वश्रेष्ठ तकनीकी शिक्षा मिल सके इसके लिए कार्य करें।

बैठक में आये हुये निवेशकों ने प्राविधिक शिक्षा मंत्री जी से अनुरोध किया कि विभागीय योजनाओं के नियमों को उद्योगों की मांग के अनुरूप और व्यावहारिक बनाये जाने की आवश्यकता है, जिससे कि विभिन्न समस्याओं का तत्काल निराकरण हो सके। इस पर प्राविधिक शिक्षा मंत्री ने निवेशकों से कहा कि आप निवेश के नवीन रास्ते सुझायें, प्रदेश सरकार उनको लागू करने के आपको बेहतर अवसर तथा भौतिक एवं वित्तीय संसाधन उपलब्ध करायेगी।

इस परिचर्चा में प्रमुख सचिव प्राविधिक शिक्षा श्री सुभाष चंद्र शर्मा ने कहा कि आस्ट्रेलिया और, सिंगापुर देशों में जाकर वहां के निवेशको से मिला। वहाँ के निवेशक उत्तर प्रदेश में निवेश करने के लिए बहुत अधिक तत्पर हैं। सरकार चाहती है कि इस कार्य में उत्तर प्रदेश तथा भारत के निवेशक भी सहभागी बनें। पी०पी०पी० मोड पर वर्त्तमान में 2 राजकीय पालीटेक्निक सत्र 2021-22 से संचालित है तथा सत्र 2023-24 से 4 अन्य संस्थान संचालित किया जाना है। अगले चरण हेतु चिन्हित 15 संस्थानों हेतु निविदा आमंत्रण की कार्यवाही प्रक्रियान्तर्गत है । पालीटेक्निक संस्थानों को पी0पी0पी0 मॉडल पर संचालित करा रहा है, जिसके माध्यम से शिक्षण प्रशिक्षण में निजी सहभागिता के साथ-साथ उसकी गुणवत्ता को बढ़ाना मूल उद्देश्य है।

अंत में श्री अन्नावी दिनेश कुमार, विशेष सचिव प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस परिचर्चा में निदेशक प्राविधिक शिक्षा कन्हैया राम, कुलपति एकेटीयू श्री प्रदीप कुमार मिश्रा, एचबीटीयू कुलपति प्रोफेसर शमशेर, समस्त विभागीय अधिकारियों के साथ प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आये हुये उद्योगपतियों व शैक्षणिक संस्थान समूह के साथ-साथ औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

सम्पर्क सूत्र-अमरेश कुमार

## चतुर्थ स्थापना दिवस पर टीचर्स ऑफ बिहार नें सबों को दिया बधाई

पटना । टीचर्स ऑफ बिहार परिवार के सभी साथियों को टीचर्स ऑफ बिहार के चतुर्थ स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। हमारा परिवार नित्य नए आयाम को स्थापित करें, और बिहार के सरकारी विद्यालयों के लिए कार्य करने के लिए अग्रसर रहे। इस आशय की सूचना टी ओ बी के प्रदेश प्रवक्ता रंजेश कुमार नें दी ।



